दैनिक
प्रातः कालीन
www.knsllive.com
मुरादाबाद से प्रकाशित

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI NO.UPBIL/2021/83001
वर्ष-04 अंक-20 मुरादाबाद,
11 May, 2024 (Saturday)
मूल्य- 03 रूपये पृष्ठ-08
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीजीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती,अलीगढ़ और उत्तराखंड

page 3 स्मार्ट सिटी के कार्यो में लापरवाही अधिकारियों पर
page 5 मां बोली- फांसी दिलाने के लिए आखिरी सांस तक
page 7 Natural masks to remove

महबूबनगर में पीएम मोदी की रैली

## कांग्रेस को बताया बीआरएस की फोटोकॉपी



जनता को धोखा देने का लगाया आरोप

**● रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस को पता है कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना संविधान के खिलाफ है। आंबेडकर ने भी इसका विरोध किया।**

**हैदराबाद ।** चौथे चरण के मतदान से पहले पीएम मोदी ने तेलंगाना में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने महबूबनगर में एक रैली को भी संबोधित किया। इस रैली में उन्होंने कांग्रेस और बीआरएस पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कांग्रेस को बीआरएस की फोटो कॉपी बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना के लोगों को केवल एक ही चीज दी है और वह है धोखा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, बहुत सारे वादे करने के बाद कांग्रेस सत्ता में आई। बीआरएस ने एक साल में जितनी लूट की, कांग्रेस कुछ ही महीनों में करने में कामयाब रही। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, कांग्रेस ने कभी भी हिंदुओं की परवाह नहीं की और उन्हें दोयम दर्जे का नागरिक बनाना चाहती है। कांग्रेस अब बीआरएस की फोटोकॉपीः पीएम मोदी रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस को पता है कि धर्म के आधार पर आरक्षण देना संविधान के खिलाफ है। आंबेडकर ने भी इसका विरोध किया। अपने शासनकाल में बीआरएस ने जो भी कुछ लूटा, कांग्रेस कुछ ही महीनों में ऐसा भ्रष्टाचार करना चाहती है। सत्ता में आने के बाद कांग्रेस अब बीआरएस की फोटोकॉपी बन गई है। पीएम मोदी ने आगे कहा, बीआरएस और कांग्रेस दोनों ही बहुत स्वार्थी पार्टी है। उन्होंने अपने हितों के लिए तेलंगाना के लोगों का केवल इस्तेमाल किया है। बीआरएस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, आपने 2009 में केसीआरको चुना, लेकिन तेलंगाना बनने के बाद वो आपको भूल गए। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, तेलंगाना के नए सीएम का भी आपसे कोई लेना-देना नहीं है। वे केवल दिल्ली में बैठे आलाकमान को खुश करने में लगे हैं। आरआर टैक्स को लेकर कांग्रेस को घेरा प्रधानमंत्री ने आगे कहा, ₹मैं पिछले कुछ दिनों से आरआर टैक्स को लेकर बात कर रहा हूं। हालांकि, इसे लेकर मैंने किसी के नाम का खुलासा नहीं किया, लेकिन तेलंगाना के सीएम ने आरआर टैक्स को लेकर मीडिया के सामने सफाई दी। इससे यह स्पष्ट होता है कि वह खुद इस मामले में शामिल हैं। पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस पर तेलंगाना की जनता को धोखा देने का आरोप लगाया है।

मणिशंकर के बयान पर अमित शाह का पलटवार

## पीओके का हर एक इंच भारत का, इसे कोई ताकत छीन नहीं सकती'



**● चुनावी सभा में गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पीओके का हर इंच भारत का है, इसे कोई ताकत हमसे नहीं छीन सकती। उन्होंने यह भी कहा कि झामुको और कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं।**

**नई दिल्ली ।** शुक्रवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह झारंखड के खूंटी में चुनावी रैली में शामिल हुए। उन्होंने यहां कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्हानें कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का हर इंच भारत का है, इसे हमसे कोई ताकत नहीं छीन सकती। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, ₹मुझे नहीं पता कि कांग्रेस को क्या हो गया है? संसद में सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया गया था कि पीओके भारत का हिस्सा है। कांग्रेस अब इस बारे में बात करके पीओके पर सवालिया निशान लगा रहे हैं।₹ गृहमंत्री अमित शाह ने कहा मणिशंकर अय्यर हमें पाकिस्तान का सम्मान करने के लिए कह रहे हैं क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। कुछ दिन पहले, भारतीय गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पीओके के बारे में बात न करें क्योंकि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है। मैं कांग्रेस और भारत गठबंधन से कहना चाहता हूं कि पीओके यह भारत का है और कोई ताकत इसे छीन नहीं सकती।" राहुल गांधी पर किया तीखा वार चुनावी सभा में गृहमंत्री कहा, ₹कांग्रेस ने 70 साल तक अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में बाधाएं पैदा कीं। जबकि पीएम मोदी ने 5 साल में मंदिर का निर्माण किया। राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल बाबा राम मंदिर अभिषेक में नहीं आए क्योंकि उन्हें अपने 'वोट बैंक' का डर था।₹ उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस अपने शासन के दौरान किसी आदिवासी को राष्ट्रपति बनाने में क्यों विफल रही।

फास्ट न्यूज

### केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलने से खुश हूं : ममता

**कोलकाता।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केजरीवाल को मौजूदा लोकसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी। दिल्ली के मुख्यमंत्री को 2021-22 के लिए दिल्ली सरकार की अब समाप्त हो चुकी आबकारी नीति के निर्माण और कार्यान्वयन में कथित भ्रष्टाचार और धन शोधन से संबंधित एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उच्चतम न्यायालय द्वारा अंतरिम जमानत दिए जाने पर संतोष व्यक्त किया और कहा कि इसका मौजूदा लोकसभा चुनावों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। ममता ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुझे यह देखकर बहुत खुशी हुई कि अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिल गई है। यह मौजूदा चुनावों के संदर्भ में बहुत मददगार होगा।

### चारधाम यात्रा के शुभारंभ पर पीएम मोदी ने जताई खुशी

**देहरादून।** केदारनाथ और यमुनोत्री के कपाट छह माह बंद रहने के बाद शुक्रवार को अक्षय तृतीया के पर्व पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए और इसी के साथ इस वर्ष की चारधाम यात्रा आरंभ हो गई। वहीं इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुशी जताते हुए सोशल मीडिया पर देशवासियों को बधाई दी है।पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि देवभूमि उत्तराखंड के पवित्र चार धाम यात्रा के शुभारंभ की बहुत-बहुत बधाई। बाबा केदारनाथ धाम समेत चारों धामों की यह यात्रा श्रद्धालुओं के लिए एक ऐसी आध्यात्मिक और सांस्कृतिक यात्रा है।

गोरखपुर में सपा-कांग्रेस पर बरसे सीएम योगी

## रामराज का मतलब सबका सम्मान, सबकी सुरक्षा और सबका विकास



**● मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरे चरण में लोकसभा का चुनाव अब उस मोड़ पर पहुंच गया है, जहां विपक्ष ने हार मान ली है। कांग्रेस, सपा और बसपा सबने हार स्वीकार कर ली है।**

**गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण को लेकर सपा और कांग्रेस के कुछ नेताओं की तरफ से दिए गए बयान पर इन दोनों दलों पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि तीसरे चरण के मतदान तक हताश हो चुके विपक्ष के नेता अब भगवान राम पर टिप्पणी करने लगे हैं। कोई कहता है कि राम मंदिर बेकार है तो कोई कहता है कि राम मंदिर से जनता को क्या लाभ है। योगी ने कहा कि आतंकवादियों की पैरवी करने वालों को तो राम मंदिर बुरा ही लगेगा। सीएम योगी शुक्रवार को गोरखपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद और भाजपा प्रत्याशी रविकिशन शुक्ल के नामांकन के बाद, उनके पक्ष में महंत दिग्विजयनाथ पार्क में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार में रहते हुए आज के विपक्ष ने राम जन्मभूमि पर आतंकी हमला करने वालों के खिलाफ, आज देश में हो रही कार्रवाई और यूपी में माफिया के खिलाफ हो रहे एक्शन जैसे कड़े कदम उठाए होते तो संकटमोचन मंदिर और कचहरी पर आतंकी हमले नहीं होते। उन्होंने कहा कि तब आतंकवाद पर घुटना टेकने की नीति का दुष्परिणाम रहा कि इन हमलों में हजारों लोगों को जान गंवानी पड़ी। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीसरे चरण में लोकसभा का चुनाव अब उस मोड़ पर पहुंच गया है, जहां विपक्ष ने हार मान ली है। कांग्रेस, सपा और बसपा सबने हार स्वीकार कर ली है। तीन चरणों में 285 सीटों पर यानी पूरे देश के अंदर आधा चुनाव संपन्न हो चुका है। योगी ने कहा कि चुनाव प्रचार में देश के अंदर उन्हें नौ राज्यों में जाने का अवसर प्राप्त हुआ है। पूरे देश के अंदर एक ही स्वर ₹फिर एक बार मोदी सरकार₹ गूंज रहा है। देश की जनता के लिए सारी समस्याओं का समाधान रामराज है और इसी रामराज के लिए जनता बार-बार मोदी सरकार को चुन रही है। जनता यही कह रही है, जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे। हम उनको लाएंगे जिन्होंने रामराज की परिकल्पना को साकार किया है। रामराज का मतलब सबका सम्मान, सबकी सुरक्षा और सबका विकास सीएम योगी ने कहा कि रामराज का मतलब सबका सम्मान, सबकी सुरक्षा, सबका विकास और गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर तबके को बिना भेदभाव प्राप्त होना है। आज यह पीएम मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में साकार होता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व वाले आज के नए भारत में सम्मान, सुरक्षा, विकास, गरीब कल्याण के साथ आस्था का सम्मान भी है। आज के भारत में बेटी के जन्म से लेकर विवाह तक की योजना है, नौजवानों के लिए नौकरी व रोजगार है, किसानों के लिए योजनाएं हैं। हर घर नल, हर घर बिजली, हर घर रसोई गैस है। उन्होंने कहा कि आज देश में सबकुछ अच्छा है और इस अच्छे का श्रेय पीएम मोदी को तो जाता ही है, उससे अधिक जनता को जाता है क्योंकि 2014 में जनता ने ही मोदी जी को चुनकर भेजा। जनता ने मोदी को वोट दिया और उस वोट के कारण मोदी जी ने चमत्कार कर दिया, नए भारत का निर्माण कर दिया। हम खड़ाऊं रखि के सेवा करत हईंः रविकिशन सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी रवि किशन ने भोजपुरी में अपनी बात रखते हुए कहा कि ई मंदिर क सीट बा। हम खड़ाऊं रखि के सेवा करत हईं। 2019 में इहो कहलीं अउर अजुओ इहे कहत हईं। सेवक रहलीं औ सेवक ही रहब। हमरे साथे महराज जी (सीएम योगी) क आशीरबाद बा अउर हम्मे का चाहीं। उन्होंने कहा कि जनता के एक-एक वोट से देश-प्रदेश में मोदी-योगी की जोड़ी ने रामराज की स्थापना कर दी है। जनसभा में प्रमुख रूप से भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष युधिष्ठि सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, लोकसभा प्रमारी जनार्दन, कुशीनगर के सांसद विजय दूबे समेत भाजपा और सहयोगी दलों के सभी प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी रही।

केजरीवाल को बड़ी राहत,

## सुप्रीम कोर्ट से मिली 1 जून तक अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली ।** दिल्ली शराब घोटाले में जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केजरीवाल को अंतरिम जमानत दे दी। पिछली सुनवाई में ही शीर्ष अदालत ने इस बात के संकेत दे दिए थे। सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक अंतरिम जमानत दी है। कोर्ट ने केजरीवाल को 2 जून को सरेंडर करने को कहा है। इससे पहले गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उनकी जमानत का विरोध किया था। ईडी ने कहा था कि सामान्य नागरिक की तुलना में एक राजनेता किसी विशेषाधिकार का दावा नहीं कर सकता। अपराध करने पर उसे किसी अन्य नागरिक की तरह ही गिरफ्तार और हिरासत में लिया जा सकता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था।



कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट से एक बड़ा झटका

## इंदौर में डमी उम्मीदवार को नहीं मिली चुनाव लड़ने की अनुमति

**इंदौर।** इंदौर में नाम वापसी केस में कांग्रेस को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका लगा है। कोर्ट ने डमी प्रत्याशी मोती सिंह पटेल की याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि डाक मत पत्र डल चुके, अब चुनाव लड़ने की अनुमति नहीं दे सकते। कोर्ट ने कांग्रेस प्रत्याशी की दलीलों को सही माना। लेकिन साथ ही चुनाव लड़ने की अनुमित देने से मना कर दिया याचिका खारिज कर दी। बता दें कि 29 अप्रैल को इंदौर से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे अक्षय कांति बम ने नामांकन वापस लिया था। 26 अप्रैल को फॉर्म की जांच में मोती सिंह पटेल का फॉर्म यह कारण देते हुए निरस्त कर दिया था कि कांग्रेस के मुख्य प्रत्याशी अक्षय बम का फॉर्म मान्य पाया गया है। साथ आपके फॉर्म में 10 प्रस्तावक के साइन नहीं है जबकि 10 प्रस्तावक निर्दलीय फॉर्म में लगते हैं और मोती सिंह पटेल ने पार्टी से फॉर्म भरा था।मोती सिंह पटेल ने रिटर्निंग ऑफिसर के सामने आवेदन देकर उन्हें कांग्रेस का चिन्ह देने की मांग की थी। 30 अप्रैल को मोती सिंह ने इंदौर हाई कोर्ट की सिंगल बेंच में पिटीशन लगाई थी जहां से खारिज कर दी गई थी। उसके बाद 2 मई को हाई कोर्ट की डबल बेंच के सामने याचिका लगाई थी वहां पर भी कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी थी। उसके बाद मोती सिंह 7 मई को सुप्रीम कोर्ट पहुंचे और विशेष अनुमति लेकर याचिका लगाई जिसकी सुनवाई आज 10 मई को हुई। लगभग 8 मिनट बहस चली जिसमें कोर्ट ने कहा कि आप लेट हो चुके हैं। डाक मत पत्र की वोटिंग हो चुकी है और बीच में शनिवार रविवार अवकाश है और सोमवार को चुनाव है। ऐसे में चुनाव में हिस्सा लेने की अनुमति नहीं दे सकते।

## कांग्रेस के नेता भारत में रहते हैं, लेकिन भाषा पाकिस्तान की बोलते हैं :अनुराग ठाकुर

**हमीरपुर।** सुजानपुर के चौगान में भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने दावा किया कि भाजपा चारों लोकसभा सीट जीतकर चौका और छह विधानसभा सीट जीत कर छक्का लगाएगी। संबोधन के दौरान बिजली चले जाने पर प्रदेश कांग्रेस सरकार पर तंज करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व की जयराम सरकार में बिजली के बिल माफ थे। इस सरकार में बिजली के बिल भी आ रहे हैं और बिजली के कट भी लग रहे हैं। बिजली का कनेक्शन जिस तरह से कटा है, उस तरह से कांग्रेस सरकार का कनेक्शन भी जनता चुनाव में काटे। आखिर कांग्रेस को क्या लगता है कि बिजली काट कर वह उनकी आवाज को खामोश कर देंगे। उन्होंने कहा कि जनता ने भाजपा को देश और प्रदेश में सत्ता मिलने का मन बना लिया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के नेता भारत में रहते हैं, लेकिन भाषा पाकिस्तान की बोलते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि पाकिस्तान हाथ कांग्रेस के साथ मिला हुआ है। कांग्रेस और उसके सहयोगी बार-बार सनातन धर्म को कुचलने, हिंदू धर्म को अपमानित करने की बात करते हैं। यह कांग्रेस की सोच से पता चलता है कि कांग्रेस वोट हासिल करने के लिए पाकिस्तान का समर्थन भी करती है, तुष्टिकरण की राजनीति करती है। वे भारतीय सेना को कमजोर बनाना चाहते हैं। अनुराग ने कहा कि कांग्रेस ने मुसलमानों को देने के लिए एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण क्यों छीन लिया ?



एक मंच पर राहुल-अखिलेश ने भारी हुंकार

## कानपुर को कामपुर बनाना लक्ष्य, सबको काम हमारी प्राथमिकता



**● इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी आलोक मिश्रा के समर्थन में चुन्नीगंज स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में चुनावी जनसभा का आयोजन किया गया। इसमें राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने भाजपा पर जमकर निशान साधा।**

**कानपुर।** इंडी गठबंधन की ओर से राजकीय इंटर कॉलेज, चुन्नीगंज में चुनावी जनसभा आयोजित की गई। इसको संबोधित करने शुक्रवार को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव शहर पहुंचे। अखिलेश यादव ने कहा इसी राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान से तय हो जाएगा कि सरकार बदलने वाली है। किसानों को गैर जरूरी नैनो यूरिया खरीदवा दी गई। हमारी सरकार बनते ही अग्निवीर व्यवस्था खत्म करेंगे। कानपुर को कामपुर बनाना हमारा लक्ष्य, सबको काम देना हमारी प्राथमिकता। हास्य कलाकार राजीव निगम ने पूछा कि आप परेशान और महंगाई से परेशान है या नहीं , तो लोगों ने जोरदार हुंकार भरी। इसके बाद उन्होंने पीएम के रोड शो का उदाहरण दिया बोले जब पीएम ने ही अपने प्रत्याशी को साइड कर दिया, तो हम लोगों को भी करना चाहिए। अबकी बार 400 पार का दावा तीन चरणों में फेल हो गया है। इसलिए अब बात मंगल सूत्र तक पहुंचा दी है। लोगों को डराने के लिए कहते हैं कांग्रेस सब छीन लेगी। जबकि असली डर उनके मन में है कि कहीं सीटें न छीन लें। बोले इन्हें बनाना नहीं सिर्फ बेचना आता है।

## तेजस्वी का चिराग पर निशाना, कहा, उन्हें थोड़ा आरक्षण के बारे में पढ़ना चाहिए

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल नेता तेजस्वी यादव ने लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान को आरक्षण पर दिए बयान को लेकर आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा, चिराग को आरक्षण के बारे में जानकारी नहीं है, उन्हें थोड़ा आरक्षण के बारे में पढ़ लेना चाहिए। उन्होंने खुद ही कहा था कि जो दलित अब संपन्न हो चुके हैं, उन्हें आरक्षण लौटा देना चाहिए। चिराग पासवान ने कहा था, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरक्षण को मजबूत किया है। उन्होंने आरक्षण को विस्तार दिया है। चिराग के इसी बयान पर अब तेजस्वी ने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने आगे कहा, चिराग पासवान स्वाभीमानी नहीं हैं। अगर होते, तो वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ कभी नहीं जाते। प्रधानमंत्री ने उनके साथ कैसा सलूक किया, यह किसी से छुपा नहीं है। पीएम मोदी ने उनकी पार्टी को विभाजित किया।



# Editorial

## Air turbulence

In the realm of air travel, few situations are as frustrating as flight cancellations. The anticipation of reaching a destination is replaced by uncertainty and inconvenience. Such was the case recently when Air India Express, the low-cost subsidiary of Air India, found itself in a crisis, leading to a wave of flight cancellations. The flag carrier of India has long been grappling with financial woes and operational challenges. Despite various restructuring efforts, the airline has struggled to stay afloat in a fiercely competitive industry. The latest crisis began when over 300 senior cabin crew members of Express flights reported sick at the last minute, resulting in the cancellation of more than 90 flights since Tuesday night, leaving airports in disarray and passengers seething with frustration. Of course, Air India has now lent a helping hand to its subsidiary, deciding to operate 20 flights against 74 Express cancellations on Thursday, and sacking 30 crew members over "sick leave". The root cause of this crisis stems from longstanding grievances articulated by Air India Express Employees Union (AIXEU). They have voiced concerns about unfair treatment, citing instances where internal job postings were filled with external candidates, bypassing qualified internal staff. The owners, on their part, do not recognise AIXEU. The Regional Labour Commissioner in New Delhi has also criticised the management for alleged violations of labour laws, highlighting a lack of responsible decision-making. Adding to the turbulence is Air India's ongoing financial struggles and operational challenges. Air India Express, despite its parent company's losses, remained profitable. In 2021, it was sold to the Tata Group, which merged it with AirAsia India. It aimed to capture the budget aviation market with a focus on non-trunk routes and ancillary services. It is the only profitable airline with the Tatas. In 2023, the airline made a profit of Rs 116.84 crore, while the other airlines in the Tata Group's aviation stable — AirAsia India, Vistara and Air India — incurred a combined loss of Rs 15,530 crores. The fallout from these cancellations has been significant, with passengers expressing their frustration on social media platforms. Long queues, missed connections and inadequate communication have characterised the scenes at airports. In response, Air India Express has issued apologies and promises of improved services, but the damage to passenger trust has been done. The Indian aviation sector has huge potential but the issues of mismanagement are galore. The Govt must proactively ensure that the fliers are not taken for a ride and the airlines also do not incur losses. Besides, the pandemic years were very traumatic for the industry and it is slowly recovering. The Govt must resolve the crisis before it snowballs into a crisis and takes down the whole sector. Looking ahead, the fate of Air India and its subsidiaries remains uncertain. Only time will tell whether Air India Express and its counterparts can rise above the chaos and emerge with flying colours.

# An open letter to Shehbaz Sharif

Dear Vazir-e-Azam Shehbaz Sharif Sahab, I have taken the privilege of writing to the Prime Minister of our neighbouring country, which, till 76 years ago, was part of us, but separated in acrimonious circumstances. I'm sure that you're aware, as a lot of in India are, that this separation and the aftermath it gave rise to continues to not only cast its shadow over the subcontinent but also torment relations between various communities. This open letter to you is a humble attempt, not to hark back to the events of those decades and apportion blame, but to address the contentiousness of modern-day issues that continue to trail in their wake.Whenever the issue of Ayodhya, the Gyan Vapi temple (Varanasi) or the Krishna Janmabhoomi (Mathura) comes up, my mind travels to Lahore and the Gurudwara Shaheed Gunj at the Naulakha Bazar locality of your splendid city. The ownership of the place was disputed by the local Muslims who claimed that the place had originally been a mosque. It had been converted into a gurudwara by the local Sikhs during the reign of Maharaja Ranjit Singh. When opportune in the 19th century, the people of the city, led by some Muslim Leaguers, went to court over this. They did not win their case for the re-conversion of the gurudwara into a mosque.Legal counsel argued that an appeal could be filed if necessary, right up to the Privy Council. However, the then premier of Punjab Sir Sikandar Hayat Khan advised against any further action as it might open a Pandora's Box across the subcontinent, which was then undivided. Sikandar Hayat also advised against any further litigation. Any use of the argument of adverse possession might cause the return of many of the temples that had come into Muslim possession. What was then perhaps overlooked was that a Hindu temple is a residence of the divine and not merely a prayer hall. The pratimas (icons) are the first step in the quest for spirituality.Ultimately, spirituality can be active by having a darshan of the avatar of the divine. In Sikhism, they do not have an icon nor the scope of spirituality in the same way as in a Hindu temple. Prophet Moses, the founding prophet of Judaism, the first of the three Semitic religions-also called Religions of the Book-known in Islam as Hazrat Moosa, had expressly forbidden any idol worship by the second of his Ten Commandments; "Thee shall not make any gravel image of thy lord the god". Your faith has rigidly adhered to this particular Commandment.However, it does pain me no end to state that you have carried this adherence way too far. In your country, over 75 temples have been desecrated or pulled down after independence in 1947, a sordid trend that is continuing. From my Urdu teacher who was a scholar, I have learnt that it is your bounden duty as a momin (believer) to desecrate buts (idols) installed by kafirs (infidels). But for the sake of friendly relations between us two neighbours, your people should desist from such desecrations. I am saying this after accepting the fact that Islam detests parasti (idol worship) and insists on majahab parasti (adherence to the faith) alone. But we live in a world where adherents of other religions too have equal rights to profess and practice their faith, without hurting others. I appeal to you to care for our sentiments and not target the temples and idols that still survive. Political leaders of your generation might still find comfort in the notion that Indians are a peaceful, and also dormant, lot and therefore won't react much. That might indeed have been the case till a couple of decades ago but is no longer so. India and Indians are changing. Real change in our civilizational journey was heralded in December 1992, of which I was fortunate to be a humble part.In India, we have begun a movement to restore the temples that were casualties of the medieval age. I shall shortly be writing to Madam Sheikh Hasina, Prime Minister of our eastern neighbouring country. Dozens of temples continue to be desecrated in her country every year. You would agree that good neighbours do not hurt each other. Kindly, remember that there are thousands upon thousands of mosques built upon the ruins of ancient temples. So far, we have preferred to approach the courts of law and minimize unilateral action. I appeal to you to also eschew violence. In Kashmir too, over 130 temples were attacked and desecrated even as India continued to hold control over the state's territory. I am aware that Pakistan took great umbrage when we abrogated Article 370, but is it any wonder that we had to do so? We tolerated terrorist violence for many years, but when we could tolerate it no longer, we went to Parliament to do away with Article 370. But you would certainly appreciate that we did not resort to violence even on this issue. Our Muslim compatriots are co-operating to a moderate degree, even in the state of Kashmir. This is a trend which we hope continues.



# Economic progress in India: A reality check

India has come a long way since 2014 in the matter of various indices and parameters of economic development. Consider this. India has increased her per capita income through this decade from USD 1560 to USD 2500, a 60 per cent increase. It has purportedly lifted 400 million persons out of poverty during the decade. Its foreign exchange kitty has increased from USD 322 billion to USD 640 billion during the same period. These are impressive figures. Large figures are always impressive, but they need to be checked, compared and corroborated to be sanctified.Consider this now. The per capita income of India increased from USD 600 to USD 1560 for the period from 2004 to 2014 which is a bigger increase of 160 percent. Its foreign exchange reserves increased from USD 107 billion to USD 322 billion between 2004 and 2014. Whereas the surge from 2004 to 2014 was 200 per cent, it was only 100 per cent in the next decade.The above comparative figures talk aloud about India's poor economic development in the last decade. This is not an overall performance report on the current NDA government. This government has many unprecedented achievements to its credit. But on the economic front, it doesn't seem to have delivered. Why has the NDA not been able to deliver on the economic front? There are several reasons.Neglect of MSMEs: The micro, small and medium enterprises sector in the country did not receive the attention due to it. This sector is the main source of employment generation. Imports from China continued to swell and many manufacturers closed down their factories to become traders and distributors. Poor implementation of the Make in India programme: The Make in India was a well-conceived ambitious programme to boost indigenous manufacturing. The scheme had its points of deficiency but regrettably, the major driving points of the grandiose scheme remained largely on paper and were never implemented properly. The result---share of manufacturing in the economy continues to stagnate at 14 percent. Absence of bureaucratic reforms: Our obsolete, corruption-ridden colonial bureaucratic system had never delivered earlier and cried for reforms. But the reforms did not come. The result was a failure of key developmental programmes like the 100 Smart Cities Programme. The government did a remarkable job of establishing GST and promulgating the IBC. This enabled a clean-up of banks and a sharp decline in their NPAs. However, the failure of the government to increase the ease of doing business by cutting down on bureaucratic red tape is a big reason behind the continuing lack of a suitable ecosphere for business and big investment.Failure to implement Agricultural Reforms:The government did well to blueprint reforms in the agricultural sector-those related to MSP and procurement of agricultural produce. But the government failed to implement the same by capitulating in front of fake protesters masquerading as farmers.Neglect of PSUs: The government paid very little attention to the state and central PSUs which account for 15 per cent of the total economic activities in the country.



# स्मार्ट सिटी के कार्यों में लापरवाही अधिकारियों पर पड़ रही भारी, मंगल बाजार बना गले की फांस

मुरादाबाद,। स्मार्ट सिटी के काम में लापरवाही अधिकारियों पर भारी पड़ रही है। स्मार्ट सिटी के महाप्रबंधक (तकनीकी) अनिल कुमार मित्तल का कार्यों में रुचि न लेने व प्रगति में पिछड़ने पर वेतन भुगतान भी रोका गया है। वहीं जनप्रतिनिधियों की नाराजगी भी निगम प्रशासन की किरकिरी करा रहा है। बुध बाजार में स्मार्ट रोड नेटवर्क और रेट्रोफिटिंग ऑफ ओल्ड मार्केट एरिया के काम में शिथिलता के चलते आए दिन स्मार्ट सिटी मिशन के कार्यों को लेकर सत्ताधारी पार्टी के जनप्रतिनिधि ही नाराजगी जता चुके हैं। भाजपा के नगर विधायक रितेश गुप्ता दो दिन पूर्व नगर आयुक्त से मिलकर



कार्यों में देरी और इसके चलते व्यापारियों के उत्पीड़न पर अपनी आपत्ति जताकर नगर आयुक्त व स्मार्ट सिटी के सीईओ से व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने की बात कह चुके हैं। उनके साथ आए व्यापारियों ने नगर विधायक से निगम प्रशासन की मनमानी से हो रहे नुकसान को लेकर अपना गुस्सा दिखाया था। महापौर से भी व्यापारियों ने विरोध जताया था। नगर विधायक ने नगर निगम की सिटी एडवाइजरी बोर्ड की बैठक में भी बुध बाजार, रामगंगा विहार आदि क्षेत्र में स्मार्ट सिटी के कार्यों में लापरवाही व शिथिलता पर नाराजगी जताकर काम में तेजी लाने के लिए कहा था। विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त भी कई बार बैठकों में निगम के कामों में पारदर्शिता की बात उठा चुके हैं। टाउनहाल क्षेत्र में लगने वाले मंगल का बाजार को बंद करने के लिए व्यापारी कई बार आवाज उठा चुके हैं। नगर विधायक ने भी नगर आयुक्त से मुलाकात के दौरान मंगल के बाजार को बंद कराने और व्यापारियों का उत्पीड़न न होने देने की बात कही थी। बावजूद इसके हर बार मंगल का बाजार लगना निगम प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है। बुध बाजार क्षेत्र में स्मार्ट सिटी का कार्य लगभग पूरा होने को है। कार्य में शिथिलता पर कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को चेतावनी दी गई है। जो भी अधिकारी कर्मचारी कार्य में शिथिलता बरतेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई तय है।

## नोडल अधिकारी के नेतृत्व में 13 मई से चलेगा अतिक्रमण हटाने का विशेष अभियान

**मुरादाबाद,।** मुख्य मार्गों, बाजारों व नालों पर किया गया अतिक्रमण नोडल अधिकारी अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार के नेतृत्व में हटेगा। इसके लिए 13 मई 6 जून तक विशेष अभियान चलेगा। इसके लिए थानावार रोस्टर नगर आयुक्त के निर्देश पर जारी किया गया है। 13 से 15 मई तक कोतवाली थाना क्षेत्र में अभियान की शुरुआत होगी। अतिक्रमण हटाने के लिए जारी रोस्टर के अनुसर कोतवाली थाना क्षेत्र में 13 मई को इम्पीरियल तिराहे से बुध बाजार होते हुए टॉउनहाल, आबकारी भवन, चड्ढा काम्पलेक्स, ताड़ीखाना से होकर हैलेट रोड होते हुए कपूर कंपनी तक अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। 14 मई को ताड़ीखाना से गुरहट्टी, गंज बाजार होते हुए अमरोहा गेट तक और 15 मई को अमरोहा गेट से कटरा मार्केट होते हुए बुध बाजार चौराहा तक अभियान चलेगा। 16 से 21 मई तक सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में चरणवार अभियान चलेगा।जिसमें 16 मई को पीलीकोठी से महिला थाना होते हुए जिगर कॉलोनी, बंगलागांव चौराहे से डिप्टीगंज होकर कचहरी रोड से गुरहट्टी तक, 17 मई को पीएसी तिराहे से मधुबनी, हरथला पुलिस चौकी, हरथला सब्जी मंडी होकर सिद्ध हास्पिटल से विवेकानंद हास्पिटी तक अभियान चलेगा।18 मई को अकबर के किले से नई तहसील होते हुए हिमगिरी रोड, हरथला रेलवे स्टेशन मार्ग तक, 20 मई को विकास भवन से आशियाना तक, 24 मीटर रोड रामगंगा विहार सेल्स टैक्स चौराहा से अकबर किला तक, मधुबनी से वेव मॉल रोड और पीएसी तिराहे से मान सरोवर स्कूल तक बुलडोजर चलेगा। 21 मई को पीलीकोठी से फव्वारा चौक होते हुए कपूर कंपनी, रेलवे स्टेशन होते हुए इम्पीरियल तक अभियान चलेगा। 22 मई से कटघर थाने के अन्तर्गत आने वाले जगहों पर जेसीबी से अतिक्रमण तोड़ा जाएगा। 22 मई को इम्पीरियल तिराहे से पुराना बस स्टेशन, नया बस स्टेशन होते हुए प्रभात मार्केट तक, 24 को प्रभात मार्केट से ट्रंचिंग ग्राउंड तक, 25 मई को प्रभात मार्केट से कटघर रेलवे स्टेशन होते हुए गुलाबबाड़ी चुंगी तक, 27 मई को जामा मस्जिद चौराहे से हमसफर शादी हाल होते हुए बरबलान से मुस्लिम डिग्री कॉलेज कटघर रेलवे स्टेशन तक, 28 मई को दस सराय पुलिस चौकी से कोहिनूर तिराह तक व कोहिनूर से चंदौसी फाटक होते हुए हनुमान मूर्ति तक और 29 मई को मझोला थाने के लोकोशेड से महाराणा प्रताप चौक से मंडी रोड होते हुए प्रकाश नगर कपूर कंपनी पुल तक और 30 मई को महाराणा प्रताप चौक से सर्किट हाउस होकर गागन पुल तक अतिक्रमण पर बुलडोजर चलेगा।31 मई को बुद्धि विहार में डॉ. शेफाली सिंह के आवास से होकर आर्यन इंटरनेशनल स्कूल, महिलाल स्कूल, खुशहालपुर तिराहा होते हुए शाहपुर तिगरी तक एक जून को कांशीराम द्वार से गौतमबुद्ध पार्क होकर खुशहालपुर तिराहा तक अभियान चलेगा। 3 जून को सम्भल फाटक से ईदगाह रोड होते हुए गलशहीद चौराहा, कटार शहीद होकर जामा मस्जिद चौराहे तक, 4 जून को जामा मस्जिद चौराहे से फैजगंज होकर मंडी चौक, बर्तन बाजार अमरोहा गेट तक, 5 जून को पत्थर के चौराहे से गलशहीद थाना होकर पक्का बाग और 6 जून को बांसगांव चौराहे से नागफनी थाना तक और सैनी गली मार्ग होकर किसरौल तिराहा व बारादरी तक आखिरी दिन अभियान चलेगा।

## शिक्षा विभाग के दावे हवाई, एक माह बाद भी नहीं आईं कक्षा एक और दो की किताबें

मुरादाबाद,। शिक्षा विभाग के दावे धरातल पर हवाई दिख रहे हैं। क्योंकि नया शैक्षिक सत्र शुरू हुए एक माह बीत चुका है। मगर कक्षा एक और दो के बच्चों को अभी भी किताबों का इंतजार है। उनके हाथ आज भी खाली हैं। हालात इतने खराब हैं कि बच्चे पुरानी किताबों से पढ़ाई करने को मजबूर हैं। उधर, अधिकारियों का कहना है कि अभी



शासन की ओर से इस संबंध में कोई दिशा–निर्देश नहीं मिले हैं। कहने को तो उत्तर प्रदेश सरकार व शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में बेहतर शिक्षा देने के दावे करता है। लेकिन, धरातल पर हालात कुछ और ही बयां कर रहे हैं। जनपद में 1401 परिषदीय विद्यालय हैं। इनमें प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालय शामिल हैं। इनमें करीब एक लाख 80 हजार छात्र–छात्राएं अध्ययनरत हैं। वहीं कक्षा 1 और 2 में करीब 40 हजार छात्र–छात्राओं का पंजीकरण है। इन छात्रों को शासन की ओर से निशुल्क किताबें दी जाती हैं। स्कूलों में किताबें भेजने के लिए जेम पोर्टल के माध्यम से एक एजेंसी को नामित किया जाता है। अभी तक परिषदीय विद्यालयों की कक्षा एक व दो की किताबें उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। एजेंसी ने सिर्फ कक्षा तीन से आठ तक की किताबें ही भेजी हैं, जिसे विद्यालयों तक पहुंचाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार कक्षा एक व दो के कोर्स में इस बार बदलाव हुआ है। इस कारण किताबें अभी तक शासन स्तर से ही जनपद में नहीं आई हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने बताया कि कक्षा एक व दो को छोड़कर शेष कक्षाओं की किताबें आ गई हैं। नई किताबों से ही बच्चों की पढ़ाई–लिखाई कराई जा रही है।

## बिजली चोरी करने वालों से जेई–एसडीओ के नाम पर सौदेबाजी करने वाला लाइनमैन बर्खास्त

मुरादाबाद,। बिजली चेकिंग में चोरी करते पकड़े गए उपभोक्ता से जेई व एसडीओ के नाम पैसे की सौदेबाजी करने वाले लाइनमैन को अधिशासी अभियंता ने बर्खास्त कर दिया है। लाइनमैन की उपभोक्ता से सौदेबाजी करने की वीडियो वायरल होने का मामला विद्युत निगम के आला अधिकारियों तक पहुंच गया। इसको लेकर जांच कमेटी गठित की गई है। दोषी पाए जाने की स्थिति में लाइनमैन आरिफ पर विद्युत निगम की ओर से मुकदमा भी दर्ज कराया जाएगा। बुधवार की रात को लंगड़े की पुलिया उपकेंद्र के क्षेत्र में बिजली चेकिंग में बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया था। जिसकी अगले दिन दोपहर तक चेकिंग रिपोर्ट नहीं भरी गई। इसके बाद लाइनमैन द्वारा जेई व एसडीओ के नाम 50 से 60 हजार रुपये की सौदेबाजी की वीडियो वायरल हुई थी। बिजली चोरी को रोकने में बिजली विभाग के आला अधिकारी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। वहीं बिजली विभाग के लाइनमैन जेई व एसडीओ के नाम पर बिजली चोरी पकड़ने के बाद हजारों रुपये की सौदेबाजी कर बिजली चोरों को राहत देने का काम कर रहे हैं। मामला दस सराय बिजलीघर के लंगड़े की पुलिया पर बने उपकेंद्र के क्षेत्र हाफजे वाली गली का है। बुधवार को शाहजहां बेगम पत्नी मंसूर हुसैन के घर एक वैवाहिक



कार्यक्रम था। अधिक प्रकाश व्यवस्था में अतिरिक्त बिजली का तार पोल से डाला गया था। जो कि विद्युत निगम के जेई राजेश और लाइनमैन आरिफ द्वारा की चेकिंग में पकड़ा गया था। इसके बाद चेकिंग टीम वहां से वापस आ गई। लेकिन, वहीं चेकिंग रिपोर्ट अगले दिन दोपहर तक न भरकर पकड़े गए उपभोक्ता से मोहल्ले की नेता महिला के घर बैठकर मामला निपटाने को लेकर 50 से 60 हजार रुपये तक की सौदेबाजी जेई और एसडीओ के नाम पर की गई। सौदेबाजी की वीडियो बनाई गई। जिसको वायरल किया गया। मामला उच्च अधिकारी के संज्ञान में आने पर बिजली विभाग के अधिकारी भी हरकत में आ गए। जिसको लेकर अधिशासी अभियंता तृतीय प्रेम प्रकाश ने लाइनमैन आरिफ को बर्खास्त कर दिया है। मामले की गहराई तक जाने के लिए जांच कमेटी गठित की गई। अधिशासी अभियंता ने बताया की जांच रिपोर्ट में लाइनमैन के दोषी पाए जाने पर विभाग की ओर से एफआईआर भी कराई जाएगी। मामला लंगड़े की पुलिया विद्युत उपकेंद्र से जुड़ा है। बिजली चेकिंग में पकड़े गए उपभोक्ता से लाइनमैन जेई व एसडीओ के नाम पर सौदेबाजी कर रहा था। जिसका वीडियो वायरल हुआ। मामला संज्ञान में आने पर लाइनमैन को बर्खास्त कर दिया गया है। मामले की हकीकत जानने के लिए कमेटी गठित की गई है। इसमें इसके अलावा कोई और भी दोषी पाया गया तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

# अक्षय तृतीया पर सोने की चमक रह सकती है फीकी, बढ़ते दामों के कारण खरीदारों ने बनाई दूरी

**मुरादाबाद,।** अक्षय तृतीया पर सोने की खरीदारी को शुभ माना जाता है। लेकिन, इस बार बढ़े दामों की वजह से सोने की चमक फीकी रह सकती हैं। सर्राफा कारोबारियों के अनुसार सोने के बढ़ते दामों की वजह से लोग खरीदारी से दूरी बना रहे हैं। दूसरी और शादियों का सीजन न होने की वजह से भी सोने की मांग कम है। अक्षय तृतीया पर मां लक्ष्मी, भगवान विष्णु और कुबेर देव की विशेष पूजा–आराधना की जाती है। अक्षय तृतीया पर सोने–चांदी के आभूषणों की खरीदारी करना बहुत ही शुभ होता है। इस तिथि पर शुभ कार्य करने की भी परंपरा है। लेकिन इस वर्ष सोने के बढ़े दामों ने बाजार की रौनक उड़ा दी है। सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने बताया कि बीते साल महानगर में अक्षय तृतीया पर 10 से 15 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था। मगर इस बार शादी का सीजन न होने की वजह से भी बाजार पर फर्क पड़ा है। उधर, दूसरी और गर्मी बढ़ने की वजह से भी लोग खरीदारी से बच रहे हैं। बीते साल सोने का करीब 54–55 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम दाम था। लेकिन, इस बार सोने की कीमतों में बढ़ोतरी है। इस बार सोने के दाम करीब 71 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम है। जिस वजह से खरीदार बाजार में आने से बच रहे हैं। जिसका सीधा असर बाजार पर पड़ेगा। बीते साल के मुकाबले इस साल बाजार में 50 प्रतिशत तक की गिरावट आने की उम्मीद जताई जा रही है। इस बार महानगर में पांच से सात करोड़ का व्यापार होने की उम्मीद है। इससे व्यापारियों में काफी निराशा देखने को मिल रही है। उनका कहना है कि यह दिन व्यापार के लिए बहुत अच्छा होता है। मगर बढ़ते दामों ने खरीदारी के साथ व्यापारियों को भी परेशान किया है। क्या बोलीं गृहणी? बैसाख माह में अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना शुभ माना जाता है। लेकिन सोने की आसमान छू रही कीमत से बहुत मायूसी है।–नेहा मेहरोत्रा गृहणी के लिए सदियों से सोने के आभूषण सबसे प्रिय हैं। लेकिन अब अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना गृहणियों की क्षमता से बाहर होता जा रहा है।–प्राची अग्रवाल 2014 में सोना 28000 रुपये प्रति 10 ग्राम था, पर अब सोना आसमान पर है। अब सोना लेना हर किसी के बस की बात नहीं रही। अब सिर्फ पैसे वाले ही सोने की खरीदारी करेंगे।–मनीषा शर्मा अक्षय तृतीया पर सालों से सराफा बाजार में दिवाली जैसी रौनक रहती थी। लेकिन, सोने की बढ़ती कीमतों ने बाजार को इस बार फीका कर दिया है।–मिली सिक्का खरीददारी व किया गया दान होता है अक्षय ज्योतिषाचार्य पं. केदार मुरारी बताते हैं कि हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया त्योहार का विशेष महत्व होता है। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को ये त्योहार मनाया जाता है। इस दिन लोग सोने–चांदी से बने आभूषण की खरीदारी करते हैं। मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन मां लक्ष्मी की पूजा करने से विशेष कृपा मिलती है और घर में धन संपदा हमेशा बनी रहती है। इस बार 10 मई को अक्षय तृतीया है और इस दिन तीन शुभ योग भी बन रहे हैं। शुक्र व बृहस्पति डूबने के बाद भी दिन भर मांगलिक कार्य होंगे और रात को शहनाई बजेगी। इस बार बन रहे तीन शुभ योग अक्षय तृतीया पर इस बार गज केसरी योग, शुक्रवासा योग और शास्त्रीय योग बन रहे हैं। ऐसे में कुछ राशि के जातकों को इसका शुभ फल मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस बार अक्षय तृतीया 10 मई को सुबह 04रू17 बजे से शुरू होकर 11 मई, 2024 को सुबह 02रू50 बजे खत्म होगी। अगर पूजा की शुभ मुहूर्त की बात करें तो 05रू13 बजे से 11रू43 बजे तक है। ज्योतिषाचार्य कहते हैं कि इस दिन की खरीदारी अक्षय होती है इस दिन का किया दान भी अक्षय होता है। आजीवन बनी रहती है सुख–समृद्धि और वैभव रू पं.अखिलेश पांडे ज्योतिष विज्ञान नवग्रह अनुसंधान केंद्र के संचालक ज्योतिष आचार्य पंडित अखिलेश पांडे ने बताया कि अक्षय तृतीया की तिथि शुभ मानी जाती है । अक्षय शब्द का अर्थ होता है 'जिसका कभी क्षय न हो या जिसका कभी नाश न हो'। ऐसे में मान्यता के अनुसार कहा जाता है कि यदि व्यक्ति दान–पुण्य, स्नान, यज्ञ, जप आदि जैसे शुभ कर्म करें, तो इससे मिलने वाले शुभ फलों की कमी नहीं होती है। इसके अलावा अक्षय तृतीया के दिन विशेषतौर पर सोने के गहने खरीदने की भी मान्यता है। कहा जाता है अक्षय तृतीया के दिन यदि सोना खरीदा जाए तो इससे व्यक्ति के जीवन में मां लक्ष्मी का आशीर्वाद रहता है। सुख–समृद्धि और वैभव आजीवन बना रहता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है अक्षय तृतीया की कथा हिंदू पुराणों के अनुसार युधिष्ठिर ने भगवान श्री कृष्ण से अक्षय तृतीया का महत्व जानने के लिए अपनी इच्छा व्यक्त की थी। तब भगवान श्री कृष्ण ने उनको बताया कि यह परम पुण्यमयी तिथि है। इस दिन दोपहर से पूर्व स्नान, जप, तप, होम (यज्ञ), स्वाध्याय, पितृ–तर्पण, और दानादि करने वाला व्यक्ति अक्षय पुण्यफल का भागी होता है। प्राचीन काल में एक गरीब, सदाचारी तथा देवताओं में श्रद्धा रखने वाला वैश्य रहता था। वह गरीब होने के कारण बड़ा व्याकुल रहता था। उसे किसी ने इस व्रत को करने की सलाह दी। उसने इस पर्व के आने पर गंगा में स्नान कर विधिपूर्वक देवी–देवताओं की पूजा की व दान दिया। यही वैश्य अगले जन्म में कुशावती का राजा बना। अक्षय तृतीया को पूजा व दान के प्रभाव से वह बहुत धनी तथा प्रतापी बना। यह सब अक्षय तृतीया का ही पुण्य प्रभाव था।

# डीजे पर अपनी पसंद का गाना बजाने के विवाद में सलाउद्दीन का हुआ मर्डर, दो आरोपी गिरफ्तार

मुरादाबाद। नागफनी थाना क्षेत्र में नेहारिया में रात 1.15 बजे गोली मारकर युवक की हत्या कर दी गई। इस दुस्साहिसक वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सलाउद्दीन (21) पुत्र हाजी मंसूर अली वैवाहिक कार्यक्रम में गया था। वारदात कैपिटल रोड पर किंग पैलेस मैरिज हॉल के बाहर हुई है। पुलिस ने इस मामले में नामजद कुल तीन में से दो आरोपियों समीर व अहद को गिरफ्तार भी कर लिया है। परिजन ने बताया कि हमलावरों से उनकी कोई पुरानी रंजिश भी नहीं थी। सलाउद्दीन के गोली लगने पर परिजन जिला अस्पताल ले गए थे, जहां से डॉक्टरों ने रात में ही रेफर कर दिया था। फिर उसे कॉसमॉस ले गए, जहां से उसे दिल्ली ले जाया जा रहा था। रास्ते में तड़के 4.30 बजे के समय जोया के पास दम तोड़ दिया। सलाउद्दीन के पेट (कोख में) गोली लगी है। उधर, इस मामले में एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने पुलिस लाइन में प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की। इसमें उन्होंने घटना की जानकारी देते हुए कहा कि डीजे



पर अपनी पसंद का गाना बजाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। इसमें अहद और सलाउद्दीन के बीच झगड़ा हुआ था। सलाउद्दीन ने उसका मोबाइल छीन लिया था। फिर अहद घर जाकर बताया कि मैरिज हॉल में उसके साथ मारपीट हुई है और मेरा मोबाइल ले लेकर तोड़ दिया है। अहद अपने दो साथी, समीर और असहाब के साथ आया और सलाउद्दीन व इसके भाई से मारपीट शुरू कर दी थी। समीर व अहसाब निवासी तहसील स्कूल बेलदरान के रहने वाले हैं। एसपी सिटी ने बताया कि समीर व अहसाब को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ में पता चला है कि समीर और असहाब के पास तमंचे थे। जिससे उन लोगों ने वहीं मैरिज हॉल में फायर किए थे। समीर के द्वारा किए गए फायर की गोली सलाउद्दीन के पेट में लगी थी। उन्होंने बताया कि संबंधित मामले को हत्या के आरोप में दर्ज किया गया है। समीर, अहद व अहसाब नामजद हुए हैं। फरार असहाब को दबोचने के लिए पुलिस दबिश दे रही है। एसपी सिटी ने कहा कि पता कर रहे हैं कि इस घटनाक्रम में कोई अन्य व्यक्ति शामिल तो नहीं है। एसपी सिटी के साथ मौजूद सीओ कोतवाली सुनीता दहिया ने बताया कि फरार असहाब को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस सक्रिय है। वह पुलिस टीम की कार्रवाई की समीक्षा भी कर रही हैं। उन्होंने बताया कि अभियुक्त समीर व अहसाब को गिरफ्तार करने में नागफनी थानाध्यक्ष चमन सिंह और उनकी टीम शामिल रही है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए–11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद–244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद–मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक – नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## संक्षिप्त खबरें

### प्रिंट मीडिया के पत्रकार से हथियार के बल पर बाइक सवारों ने की लाखों की लूट


लवकुश ठाकुर
क्यों ना लिखूं सच

अलीगढ़ बुलंदशहर। प्रिंट मीडिया के पत्रकार से हाथियारों से युक्त बाइक सवार तीन बदमाशों ने 9 लाख 60 हजार की लूट कर फरार हो गए। जमीन को खरीदने के सिलसिले में एकत्र किया हुआ कैश लेकर दिल्ली जा रहा था पीड़ित पत्रकार। घटना बुलंदशहर के थाना रामघाट क्षेत्र के अंतर्गत परिहावली गांव के पास की है। घटना की तहरीर मिलने पर पुलिस जांच में जुट गई हैद्य बुलंदशहर जमीन की खरीदारी के लिए दिल्ली जा रहे प्रिंट मीडिया के पत्रकार योगेश भारद्वाज से 9 लाख 60 हजार रुपए की लूट हो गई। दरअसल रास्ते में थाना रामघाट के परिहावली गांव के निकट बाइक सवार तीन बदमाशों ने हथियार दिखाकर योगेश को रोक लिया और पैसे छीनकर फरार हो गए। पीड़ित योगेश भारद्वाज एक प्रतिष्ठित अखबार में काम करने के साथ–साथ कपड़े की दुकान भी चलता है। योगेश ने अपनी जमा की गई पूंजी और कमेटी से उठाए हुए पैसों को लेकर वह जमीन खरीदने के लिए दिल्ली जा रहा था,जिससे पहले ही वह रास्ते में बदमाशों की लूट का शिकार हो गया।वहीं पीड़ित पत्रकार योगेश ने उन बदमाशों की आवाज सुनकर यह आशंका जताई है,कि वह परिचित व्यक्ति हो सकते हैं। वही योगेश ने घटना की तहरीर इलाका पुलिस को दी है,इसके बाद मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं क्षेत्राधिकारी ने बताया कि घटना की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। रास्ते के सभी सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है,जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### सुनील कुमार द्विवेदी चरैया के क्रेडिट कार्ड से 50000 की हुई ठगी जिसकी रिपोर्ट थाना देहात में किया गया है

क्यूं ना लिखूं सच
आलोक मिश्रा

थाना देहात पुलिस ने सुनील कुमार द्विवेदी निवासी ग्राम चरैया की शिकायत पर उससे ऑनलाइन क्रेडिट कार्ड से



लगभग 50000 रुपए की ठगी करने के मामले में अज्ञात व्यक्ति पर केस दर्ज किया है । चरैया निवासी युवक सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि 09 मई को फोन कॉल आया जिसको घर के बच्चे ने रिसीव किया और उससे ओटीपी की जानकारी लेने के बाद फोन कट कर दिया । कुछ समय बाद ही मैसेज आया कि आपके क्रेडिट कार्ड से 49970 रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ है । तब मैं अपना बैंक स्टेट मेंट चेक किया तो उसमें क्रेडिट कार्ड से 49970 रुपए का ट्रांजेक्शन दिखा रहा था , जिसके बाद मैं पुलिस थाना देहात में रिपोर्ट दर्ज कराई है ।आगे बात करते हुए सुनील कुमार द्विवेदी ने बताया कि जिस नंबर से फोन आया था ट्रू कॉलर में उसका नाम रुचि सिंह बता रहा है और बैंक से ट्रांजेक्सन रिपोर्ट निकलने पर उसका लोकेशन गुड़गाव बता रहा है ।

### जफराबाद पुलिस ने असलहे व कारतूस के साथ सख्श को किया गिरफ्तार

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डा0अजयपाल शर्मा के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक(नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण में प्र0नि0 सुरेन्द्र नाथ सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 अरविन्द कुमार यादव मय हमराह हे0का0 विजय कुमार दूबे के देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान अभियुक्त मनोज कुमार पुत्र स्व0 रामअधार निवासी त्रिलोई थाना मुगराबादशाहपुर जनपद जौनपुर उम्र करीब 52 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से एक अवैध तमन्चा .315 बोर व एक जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 83/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### अक्षय तृतीया पर जमकर हुई गहनों की खरीददारी

जौनपुर। अक्षय तृतीया के मौके पर जमकर सोने चांदी के गहनों की खरीददारी हुई। नगर से लेकर तहसील तक के आभूषणों की दुकानों पर ग्राहको की भीड़ देखी गयी। नगर की दुकानो पर सबसे अधिक ग्राहको की संख्या दिखाई दी। सुबह दुकान खुलने के साथ ही लोगो की आमद शुरू हुई जो देर शाम तक ग्राहको का ताता लगा रहा है। अक्षय तृतीया के चलते सुबह–सुबह ओलंदगंज, चहारसू , कोतवाली मार्ग समेत जनपद के सभी बाजारों में सर्राफा की दुकानें खुल गई थी। कर्मचारी साफ–सफाई के साथ–साथ दुकान को फूल माला से सजा रहे थे। यह दौर दोपहर तक देखा गया। सभी शो–रूम में ग्राहकों की अच्छी संख्या देखने को मिल रही थी। कारोबारियों की मानें तो अक्षय तृतीया पर ही 50 करोड़ से अधिक का कारोबार होगा। कुछ दुकानदारों ने बताया की उम्मीद से अच्छा कारोबार हुआ है। ग्राहक अपनी पसंद के ज्वेलरी खरीदने में खूब रूचि दिखा रहे थे।

### छात्रावासियों के लिए बस सुविधा को कुलपति ने दिखाई हरी झंडी

जौनपुर./ वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर के छात्रावासों के विद्यार्थियों के लिए शुक्रवार को बस सुविधा शुभारम्भ कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने हरी झंडी दिखा किया. दोपहर में लंच के लिए शिक्षण संस्थान से हास्टल तक जाने–आने के लिए बस सुविधा प्रारंभ हुई है. बस चलने से छात्रावास के विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के पठन– पाठन में को समस्या न हो इसलिए इस सुविधा को उपलब्ध कराया गया है. विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं देने के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में मन लगाकर पढ़ें और अपने सपनों को साकार करना है।

# खेतों पर चारा लेने गए देवर भाभी की करंट से मौत शव को सड़क पर रख लगाया जाम किया हंगामा



लवकुश ठाकुर
क्यों ना लिखूं सच

अलीगढ़ महानगर से सटे हाईवे बाईपास के सहारे के गांव कोछोंड़ के खेत की तारबंदी कर छोड़े गए करंट से चिपककर देवर–भाभी की मौत हो गई। इस घटनाक्रम पर लोगों का गुस्सा शवों के गांव पहुंचने पर भड़क उठा। शवों को नेशनल हाईवे–बाईपास पर रखकर दोनों ओर जाम लगा दिया। इस दौरान वाहनों पर ईंट पत्थर तक फेंके गए। तीन घंटे तक समझाने में जुटी रही पुलिस से जमकर नोकझोंक के बीच हंगामा होता रहा। लोग महिला के बेटे को नौकरी व पचास लाख रुपये मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। बाद में अधिकारियों ने समझाकर जाम खुलवाया। महुआ खेड़ा क्षेत्र के गांव कोछोंड़ के मजदूर परिवार से ताल्लुक रखने वाले वेदप्रकाश की पत्नी नीतू (36) सुबह करीब साढ़े दस बजे घर से पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। इसके बाद वह शाम तक नहीं लौटी। इस दौरान उसका पति व देवर आदि परिजन काम पर गए हुए थे। शाम को देवर अविवाहित धर्मेंद्र लौटा तो बच्चों ने मां के गायब होने की जानकारी दी। गांव के आसपास खेतों में टोलियां बनाकर महिला की तलाश शुरू हुई। करीब देर शाम नौ बजे धर्मेंद्र को पता चला कि गांव की महिलाएं गजनीपुर की तरफ के खेतों में चारा लेने जाती हैं। जब वह वहां पहुंचा तो एक मक्का के खेत की तारबंदी पर उसने भाभी की साड़ी लहराती देखी। झांकने पर पाया कि वह तारों के बीच मृत पड़ी है। समझते देर न लगी कि करंट से उसकी मौत हुई है। जाम उसके साथ उसका छोटा भाई सोनू व कुछ अन्य युवक थे। धर्मेंद्र ने सोनू को आवाज लगाते हुए भाभी को उठाने का प्रयास किया तो वह भी करंट से चिपक गया। बाद में शोर मचाकर ग्रामीण बुलाए। तब पहले से मृत महिला का शव हटाया और धर्मेंद्र को बेसुध हालत में दीनदयाल अस्पताल भेजा। खबर पर पुलिस भी आ गई। अस्पताल में धर्मेंद्र (25) को भी मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम को भेज दिए। जहां सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव घर लाए जा रहे थे। इसी दौरान पहले तो पुराने बाईपास पर गांव कमालपुर के बाहर शव रखकर जाम लगाया। वहां से किसी तरह पुलिस ने समझाकर हटा दिया तो फिर दोनों शवों को ग्रामीण नेशनल हाईवे बाईपास पर ले गए। दोनों ओर एक–एक शव रखकर जाम लगा दिया। महिलाएं सड़क पर बैठ गईं। इस दौरान कुछ वाहनों ने निकलने का प्रयास किया तो युवकों ने उन पर ईंट पत्थर बरसा दिए। यहां करीब सवा एक बजे दोपहर में जाम लगा और सवा चार बजे तक यथावत रहा। इस दौरान मौके पर कई थानों का फोर्स, सीओ आदि पहुंच गए। समझाने के प्रयास किए। मगर, पुलिस से नोकझोंक होती रही। चार बजे एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एसपी सिटी मृगांक शेखर पाठक पहुंचे। जिनके समक्ष महिला के बेटे को नौकरी व परिवार को पचास लाख रुपये मुआवजे की मांग रखी। जिस पर उन्होंने शासन स्तर से वार्ता कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। तब जाकर जाम खुला। इधर, मामले में वेदप्रकाश के पिता की तहरीर पर गजनीपुर निवासी खेत स्वामी राजवीर, उनके बेटे सोनू–मोनू पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें खेत में करंट छोड़ने और उससे चिपककर दोनों की मौत होने का उल्लेख है। इस घटना में लोगों ने जाम लगाया था। उन्हें समझाकर जाम खुलवाया गया है। बाकी प्रशासनिक स्तर से मदद व मुआवजे आदि पर प्रयास किया जा रहा है। मुकदमे के आधार पर जांच में आगे कार्रवाई की जाएगी। –मृगांक शेखर पाठक, एसपी सिटी

# शिक्षकों ने क्रिकेट खेलकर मतदान को किया प्रेरित

सिकरारा (जौनपुर) लोकसभा चुनाव में मतदान फीसद बढ़ाने के लिए ब्लाक के परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों ने शुक्रवार को आझुराय इंटर कालेज के मैदान में क्रिकेट खेलकर लोगो को जागरूक किया गया तथा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत उपस्थित लोगों को शपथ दिलाई गई। फाइनल मुकाबले में विश्वनाथ प्रताप सिंह के तूफानी शतक से न्याय पंचायत रीठी ने डमरुआ को हराकर विजेता कब अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश सिंह ने फीता काटा। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सुशील उपाध्याय, प्रधानाचार्य ओमप्रकाश उपाध्याय, ब्लाक अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, प्राथमिक शिक्षक समिति के अध्यक्ष शैलेश सिंह देव व शिक्षक अतुल सिंह महाजन के नेतृत्व में खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के बाद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। बीइओ ने अपने संबोधन में कहा कि एक अच्छी सरकार चुनने के लिए हमे पांच साल बाद मौका मिलता है। इसलिए इस मौके का फायदा सभी मतदाताओं को उठाना चाहिए। जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने कहा कि मताधिकार हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमे मजबूत राष्ट्र व लोकतंत्र के लिए मतदान अवश्य करना चाहिए। स्वयं मतदान करे और परिवार समाज को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करे। पहला मैच रीठी और खपरहा के बीच खेला गया जिसमें रीठी की टीम टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और आठ ओवर में 99 रन का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में खपराहा की टीम 58 रन ही बना सकी और 30 रन से मुकाबला हार गई उसके बाद दूसरा मुकाबला डमरूआ और बढ़ौना के बीच खेला गया जिसमें डमरूआ की टीम टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में 99 रनों का लक्ष्य रखा जिसके जवाब में बढ़ौना की टीम 65 रन ही बना सकी। फाइनल मुकाबला डमरूआ और रीठी के बीच खेला गया जिसमें रीठी की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। निर्धारित दस ओवर में विश्वनाथ प्रताप सिंह की तूफानी पारी से 152 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। जवाब में डमरूआ की टीम 125 रन ही बना सकी। सुमित सरोज मैन ऑफ द मैच रहे जबकि विश्वनाथ प्रताप सिंह मैन ऑफ द सीरीज रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से देशबंधु यादव, धीरेंद्र यादव, महेंद्र सिंह, अजय पांडेय, संतोष सिंह, कृपानिधि यादव, ओमकार नाथ पाल, संदीप सिंह, संतोष सिंह गोली, अंकित सिंह, हर्ष सिंह, भानू मिश्र, चंद्र प्रकाश सिंह सहित भारी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



### पत्रकार उत्पीडन एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ सत्याग्रह आन्दोलन का 1006वाँ दिन

वाराणसी। सत्याग्रह आन्दोलन के 1006वें दिन पत्रकार उत्पीडन,




भ्रष्टाचार, जन सुनवाई पोर्टल पर फर्जी निस्तारण, राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण घोटाला एवं सिरकोनी बाजार (इजरी) जौनपुर की भीषण डकैती काण्ड के अभियुक्तों के विरूद्ध कार्यवाही को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में 'सत्याग्रह आन्दोलन' जारी रहा। सत्याग्रह आन्दोलनकारी यशवन्त कुमार गुप्त ने बताया कि यह आन्दोलन जाँच के मुख्य बिन्दुओं पर कायम रहते हुए समस्या के निस्तारण तक जारी रहेगा। 9 अगस्त 2021 से यह आन्दोलन चलाया जा रहा है।

# उच्च गुणवत्ता से ही ग्राहक की संतुष्टि:एमडी नुरुल होदा

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध विभाग के बी.बी.ए. के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण के दूसरे दिन शुक्रवार को छात्रों को हरियाणा के मानेसर एवं बहादुरगढ़ के औद्योगिक इकाइयों का भ्रमण कराया गया। गुडगाँव के मानेसर औद्योगिक सम्पदा में स्थित प्रेसिशन मेटल्स एंड प्रेफाब सैलूशन्स में छात्रों को शीट मेंटल पाट्र्स का निर्माण की प्रक्रिया के बारे में बताया गया स आई.एस.आई. 9001–2015 प्रमाणित कंपनी सी.एन. सी. लेज़र कट एवं प्रेस वेल्डड तकनीक से प्री–इंजीनियर्ड मेंटल बिल्डिंग, इंडस्ट्रियल शेड्स एवं माल गोदाम का निर्माण करती है स कंपनी के प्रबंध निदेशक (एमडी) नुरुल होदा ने कहा कि उच्च गुणवत्ता से ही ग्राहक को संतुष्ट किया जा सकता है। शून्य त्रुटि सहनशीलता एवं जस्ट इन टाइम सिद्धांत से कंपनी का उत्पाद बेहतरीन बनाने में मदद मिली है स इसके बाद विद्यार्थियों को दूसरे कंपनी फाइन कोट्स लिमिटेड का दौरा कराया गया । विद्यार्थियों को हरियाणा स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चरल कारपोरेशन के बहादुरगढ़ स्थित औद्योगिक सम्पदा में बसी नास्तिक टेक्नोलॉजीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का भी दौरा कराया गया स यह कंपनी पावरबक्स, स्पीकर्स, इयरबड्स आदि का निर्माण करके इन्हे पोर्टॉनिक्स , बोट, आई–बाल जैसे प्रख्यात कंपनियों को अपने उत्पाद सप्लाई कराती हैस छात्रों को इन सभी उत्पादों का निर्माण प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी स कंपनी के प्रबंध निदेशक अनिल कक्कड़ ने कहा कि प्रतिस्पर्धा के इस युग में गुणवत्ता ही कंपनी के उत्पाद को ग्राहक के करीब लाएगी स ग्राहकों के मांग के अनुसार नये नये उत्पादों को बाजार में उतरा जाता है स छात्रों द्वारा मैनेजमेंट सम्बंधित सवाल किया गया जिसका उत्तर व्यावहारिक उदाहरण देकर समझाया गया स व्यवसाय प्रबंध के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर मुराद अली ने कहा कि ऐसे भ्रमण से व्यवसाय प्रबंध के विद्यार्थियों को अलग अलग उद्योगों का तुलनात्मक अनावरण करने में मदद मिलती है स समरीन तबस्सुम ने कंपनी के प्रबंध निदेशक अनिल कक्कड़ को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया एवं मोहित सिंह भटिआ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# देश का किसान, युवा, जवान व महिलाओं का सम्मान भाजपा सरकार में ही:बाबूराम निषाद




जौनपुर । भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के अन्नदाता सम्मेलन किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष नरेंद्र उपाध्याय के अध्यक्षता मे मल्हनी विधानसभा के गोसाईगंज में आयोजित विशाल जनसभा का कार्यक्रम सम्पन्न हुई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे राज्य सभा सांसद बाबूराम निषाद एव विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिलाध्यक्ष भाजपा पुष्पराज सिंह रहे। मुख्य अतिथि बाबूराम निषाद ने कहा कि आज देश में गरीबों के लिए सिर्फ योजनाएं ही नहीं बन रही हैं बल्कि उनका क्रियान्वयन भी हो रहा है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के गांव, गरीब और नौजवान तक पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री मोदी को जनता से मिल रहा प्यार इस बात का प्रमाण है। विपक्षी दलों के लोग भारत के टुकड़े करने की मंशा के साथ राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में संलिप्त रहते हैं। हम भारत को अपनी माता मानते हैं इसलिए हम सभी भाई भाई हैं न कि जाति में बंटे हैं जाति और संप्रदाय से ऊपर उठकर हमें कार्य करना है। जातियों में बंटकर हमारा देश हजारों साल गुलाम रहा। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने उपस्थित किसानों, महिलाओं व युवाओं से मोदी व योगी के कार्यों पर वोट मांगते हुए विजयी बनाने का आग्रह करते हुए जौनपुर का चहुंमुखी विकास करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नरेन्द्र उपाध्याय ने सभी उपस्थित जनसमूह व अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# मां बोली- फांसी दिलाने के लिए आखिरी सांस तक लड़ूंगी, जमानत पर कहा...कैसे जीत गई दलीलें

**कानपुर।** 2010 का दिव्या कांड में मुख्य आरोपी की जमानत पर पीड़िता की मां ने कहा कि उसे तो उम्र भर की सजा हुई थी, तो वह रिहा कैसे हो सकता है। उसे फांसी की सजा होनी चाहिए। आखिरी सांस तक बेटी के इंसाफ की लड़ाई लड़ने का दंभ भी भरा। कानपुर में करीब 13 साल पहले मां की उंगली पकड़ हंसती-खेलती स्कूल गई मासूम दिव्या के साथ ऐसी दरिंदगी हुई कि जिसने सुना उसकी रूह कांप उठी। दरिंदगी के बाद बच्ची की हुई मौत ने शहर के साथ पूरे देश को झकझोर दिया। हर आंख रोई थी। जिस दरिंदे को कोर्ट ने उम्रकैद की सजा दी थी, उसे जमानत मिलने की खबर सुनकर दिव्या की मां की आंखों से टपकने वाले आंसू थमने का नाम ही नहीं ले रहे थे। अमर उजाला ने गुरुवार को दिव्या के घर जाकर उसकी मां से विशेष बातचीत की। इस मामले में सीबीसीआईडी जांच में स्कूल प्रबंधक के पुत्र पीयूष वर्मा को मुख्य आरोपी बनाया गया था। सेशन कोर्ट ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने सजा पर अपील खारिज कर दी थी तो मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया। अपील पर सुनवाई चल रही है। इस दौरान 13 साल आठ माह




से जेल में बंद आरोपी पीयूष को जमानत दी गई है। पीयूष को जमानत मिलने के बारे में सवाल पूछते ही दिव्या की मां बोलीं, उम्र भर की सजा हुई थी। अपील की सुनवाई अभी चल रही है। अपील तक ही जमानत मिली है। सुप्रीम कोर्ट पर उसे पूरा विश्वास है। पीयूष बरी नहीं हो सकता। उसे तो फांसी की सजा होनी चाहिए। बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए आखिरी सांस तक लड़ूंगी। बच्चियों के लिए हर कदम पर दिक्कतें, अभिभावक बनें दोस्त दिव्यां की मां ने कहा कि मां-बाप बच्चों का भविष्य संवारने के लिए उन्हें स्कूल भेजते हैं। कुछ घंटों के लिए अपने कलेजे का टुकड़ा अनजान लोगों को इस विश्वास के साथ सौंपते हैं कि स्कूल के शिक्षक उसके बच्चे को अच्छी शिक्षा देंगे और कर्मचारी उसका ध्यान रखेंगे। समय-समय पर बच्चे से पूछताछ करें फिर भी, अगर इनमें से ही कोई बच्चे का जीवन बर्बाद कर दे तो किस पर विश्वास किया जाए। बच्चियों के लिए कदम-कदम पर दिक्कतें हैं, जरूरत है कि अभिभावक बच्चों के दोस्त बनें। उनकी हर समस्या को सुनें। स्कूल और वहां तक आने-जाने के दौरान रास्ते में होने वाली गतिविधियों पर निगाह बनाए रखें। समय-समय पर बच्चे से पूछताछ करें और संदिग्ध लगे तो समय रहते ही विरोध करें। सरकार से सिर्फ 25 हजार रुपये की आर्थिक मदद मिली दिव्या की मां ने बताया कि घटना के बाद एडीएम सिटी आए थे। कॉलोनी के कागज और 25 हजार रुपये का एक चेक दिया था। घर तो मिल गया लेकिन आर्थिक मदद के नाम पर मिली रकम ऊंट के मुंह में जीरा समान थी। इसके बाद से आज दिन तक सरकार ने उनकी कोई सुध नहीं ली। कुछ सामाजिक संगठनों ने उनकी मदद जरूर की। पढ़ाई संग नौकरी कर मां का सहारा बन रही बेटी दिव्या की मां कॉलोनी के एक कमरे, बाथरूम, किचन वाले घर में अपनी दो बेटियों के साथ रह रही है। घरों में कामकाज कर अपना व दो बेटियों का भरण-पोषण कर रही है। उन्होंने बताया कि छोटी बेटी कक्षा छह में पढ़ रही है जबकि बड़ी बेटी बीएससी कर रही है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार का सहारा बनने के लिए बड़ी बेटी ने पढ़ाई के साथ प्राइवेट नौकरी भी शुरू कर दी है। उसकी आमदनी से घर खर्च में मदद मिल जाती है। आंखों में ही आंसू रोक लेती है मां दिव्या की एक छोटी बहन भी है। कहने को तो वह 12 साल की हो गई है लेकिन उसे घटना की कोई जानकारी नहीं है। दिव्या की मां ने बताया कि वह दोहरी जिम्मेदारी निभा रही हैं। एक तरफ तो मासूम दिव्या को खोने का दर्द उन्हें सहना है, वहीं दूसरी ओर दो बेटियों की परवरिश की जिम्मेदारी भी निभानी है। दिव्या की याद आने पर आंसुओं को आंखों में ही रोक देती हूं, डर लगता है कि बेटी ने कारण पूछा तो क्या जवाब दूंगी। फोटो पर तिलक लगाकर मनाना पड़ता है जन्मदिन दिव्या की मां ने बताया कि 11 अगस्त को दिव्या का जन्मदिन होता है। हर मां के लिए बच्चों का जन्मदिन खास होता है लेकिन मैं ऐसी अभागी मां हूं जो बच्चे के जन्मदिन पर आंसू बहाती रहती हूं। बेटी के माथे पर तिलक लगाने की बजाय उसकी फोटो पर तिलक लगाना पड़ता है। दिनभर कमरे के एक कोने में बैठी रोती रहती हूं और सोचती हूं कि अगर दिव्या होती तो आज इतनी बड़ी हो गई होती। बिना फीस लिए वकील लड़ते रहे मुकदमा दिव्या की मां ने बताया कि वह थाना-पुलिस, कोर्ट-कचहरी से पूरी तरह से अनजान थीं। उनके अधिवक्ता अजय सिंह भदौरिया ने पल-पल पर उनका साथ दिया। सरकारी वकील के साथ मिलकर सेशन कोर्ट में मजबूत पैरवी की और दोषी पीयूष को सजा दिलाई। फीस तक नहीं लीश्र हाईकोर्ट में अपील होने पर उसके पास मुकदमा लड़ने के लिए कोई पैसा नहीं था लेकिन अजय ने हाईकोर्ट में भी उसकी मजबूत पैरवी कराई और वहां भी अपील खारिज हुई।

## सेंध लगा तीन घरों से चोरों ने उड़ाए जेवर

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र रामनगर कस्बे में तीन घरों में चोरों ने घर में रखे जेवर सहित 20 हजार पार कर दिए। चोर दीवार में सेंध लगाकर घुसे थे। जाते समय घर का दरवाजा बाहर से बंद कर गए। रामनगर कस्बे में रोड किनारे फारूख खान, राजा व पप्पू का घर बना है जो तीनों भाई है। इन घरों में चोर दीवार में सेंध लगा घुस गए। घर में रखे जेवर और 20 हजार ले गए। घटना के समय परिवार के सदस्य छत पर सो रहे थे। फातिमा बेगम पत्नी राजा ने बताया कि उसके आठ हजार रुपये व जेवर ले गए। रन्नो बेगम पत्नी पप्पू खान ने बताया दस हजार व दो लाख के जेवर ले गए। इसी तरह से फारूख घर में भी पांच हजार रुपये ले गए।

## घोड़ी पर चढ़कर आया प्रत्याशी, एक-एक रुपये के 25 हजार सिक्के लेकर पहुंचा शख्स

**वाराणसी।** कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर प्रत्याशियों के समर्थक ढोल-नगाड़े के साथ अपने नेता का स्वागत कर रहे थे। वाराणसी में शुक्रवार को नामांकन के चौथे दिन कई लोगों ने पर्चा दाखिल किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय के साथ बसपा प्रत्याशी अतहर जमाल लारी भी नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। पूरे कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के जवान तैनात रहे। वहीं, निर्दल प्रत्याशी संजय कुमार तिवानी ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। चंदौली से विनोद कुमार यादव घोड़ी पर बैठकर नामांकन करने पहुंचे। इसी क्रम में मध्य प्रदेश से वैद्यराम नामांकन पर्चा खरीदने आए। वह निर्दलीय लड़ेंगे।

## एक सप्ताह बाद मिलेंगे ढैंचा और धान के बीज

**चंदौली।** खरीफ की मुख्य फसल धान और ढैंचा के बीच इस बार बढ़ी हुई कीमतों के साथ किसानों को मिलेंगे। पिछले साल के मुकाबले इस बार धान और ढैंचा के बीज के दाम 30 से 40 रुपये प्रति किलो बढ़ गए हैं। जिले में धान की रोपाई के लिए अगले सप्ताह से कृषि विभाग राजकीय बीज गोदामों से किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर धान के बीज का वितरण शुरू करेगा। किसानों को मोटे धान की सभी प्रजातियों के बीज 4193 रुपये प्रति क्विंटल की दर से मिलेंगे, जिनकी कीमत पिछले साल 3300 रुपये थी। इसी तरह महीन धान की सभी प्रजातियों के इस 4223 रुपये प्रति क्विंटल की दर से मिलेंगे। पिछले साल इनकी कीमत करीब 4000 रुपये थी। वहीं, ढैंचा का बीज 8200 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा। पिछले साल इसकी कीमत 6300 रुपये थी। प्रभारी जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार राय ने बताया कि ढैचा के 400 क्विंटल बीज की मांग की गई है। फिलहाल 150 क्विंटल बीज आवंटित हुआ है। अगले एक सप्ताह बाद बीज का वितरण किसानों को किया जाएगा। धान के बीज 15 मई के बाद आने की उम्मीद है।

## प्रशिक्षण से गैरहाजिर चार कर्मचारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज के निर्देश

**चित्रकूट।** लोकसभा चुनाव में मतदान कराने के लिए ड्यूटी लगने के बाद शिक्षण से गैर हाजिर रहने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश डीएम अभिषेक आनंद ने दिए हैं। लोकसभा चुनाव की प्रभारी अधिकारी कार्मिक सीडीओ अमृतपाल कौर ने बताया कि गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित चित्रकूट इंटर कालेज में लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारियों का प्रशिक्षण कराया गया है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की मीनाक्षी, आर्यावर्त बैंक अमानपुर के सहायक प्रबंधक अभिषेक कुमार, उच्च प्राथमिक विद्यालय की सहायक अध्यापक श्वेतांबरी सोनी, उच्च प्राथमिक विद्यालय गाहुर के अनुदेशक मूलचंद्र गैर हाजिर रहे। जिनके विरूद्ध लोकसभा चुनाव के कार्य में लापरवाही, उदासीनता बरतने के संबंध में नियमानुसार रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

## पुलिस चौकी के सामने से एक व्यक्ति को उठा ले गए कार सवार

**मिजार्पुर।** चुनार थाना क्षेत्र के सक्तेशगढ़ पुलिस चौकी के सामने से एक बाइक सवार व्यक्ति को कार सवार कुछ लोग जबरन गाड़ी में बैठाकर ले गए। पुलिस छानबीन में जुटी है। सक्तेशगढ़ पुलिस चौकी के सामने से कार सवार बदमाश एक बाइक सवार व्यक्ति को जबरन गाड़ी में बैठाने के बाद उसे लेकर चले गए। राहगीरों से मिली सूचना पर चौकी प्रभारी उदय राज सिंह मौके पर पहुंचकर बाइक को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी सक्तेशगढ़ ले गए। जहां नंबर से पता चला कि बाइक राम प्रवेश वर्मा निवासी पचोखरा थाना मड़िहान की है। बाइक सवार को कौन लोग और किस बात को लेकर ले गए, उसका पता नहीं चल सका है। पुलिस सक्रिय हुई तो जांच के दौरान सोनभद्र के करमा से कुछ लोग पकड़े गए हैं। सीओ चुनार अशोक कुमार ने बताया कि लेनदेन का मामला था। मामले की जांच की जा रही है।

## केडीए की योजनाओं में ढेरों अव्यवस्थाएं, मुश्किलों में जी रहे हैं लाखों लोग, बड़ा सवाल- कब मिलेगा समाधान

**कानपुर।** केडीए की आठों आवासीय, व्यावसायिक योजनाएं नगर निगम और जलकल विभाग को हस्तांतरित करने के लिए दोनों विभागों से सहमति बन गई है। इन योजनाओं में जो विकास अधूरे हैं, उन्हें पूरा करने के लिए संयुक्त कमेटियों ने सर्वे भी कर लिया है। सड़क, पानी, सीवर लाइन जैसी मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी। इस आस के साथ केडीए की आठ योजनाओं में प्लॉट लेने वाले करीब एक लाख आवंटी मायूस हैं। इन योजनाओं की सड़कें, फुटपाथ टूटे हैं। नालियां और सीवर लाइन चोक पड़ी हैं। बारिश में जलभराव से स्थिति और भी नारकीय हो जाती है। पार्क भी अविकसित होने के साथ गंदगी से पटे हैं। आवंटी कई साल से केडीए के चक्कर लगा रहे हैं, पर कोरे आश्वासन ही मिल रहे हैं। योजनाएं अभी तक नगर निगम को भी



हस्तांतरित नहीं की गई हैं। नगर निगम और जलकल विभाग के अभियंताओं की संयुक्त टीम ने निरीक्षण कर समस्याओं के निस्तारण के लिए 56 करोड़ का इस्टीमेट बनाया है। केडीए भी इन आवासीय एवं व्यावसायिक योजनाओं को हस्तांतरित करने के लिए तैयार हो गया है। हालांकि बड़ा सवाल है कि समाधान कब मिलेगा। कहा तो जा रहा कि जून में चुनाव आचार संहिता खत्म होते ही टेंडर कराकर काम शुरू कराए जाएंगे। कमिश्नर के निर्देश पर संयुक्त कमेटी ने सर्वे कर बनाया है इस्टीमेट मंडलायुक्त अमित गुप्ता की अध्यक्षता में 30 अप्रैल को हुई बैठक में केडीए की विकसित योजनाओं को नगर निगम को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत दोनों विभागों के संबंधित क्षेत्रों के अभियंताओं की संयुक्त कमेटी कमेटी ने योजनाओं का निरीक्षण किया था। 28 करोड़ का इस्टीमेट तैयार किया है सड़क, नाली, नाला, फुटपाथ, पार्क आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए 28.18 करोड़ का इस्टीमेट तैयार किया। नगर निगम के मुख्य अभियंता मनीष अवस्थी ने यह धनराशि नगर निगम को देने के साथ ही हस्तांतरण संबंधी अग्रिम कार्रवाई के लिए केडीए के मुख्य अभियंता आशु मित्तल को पत्र लिखा है।

## 10वीं में दृष्टिहीन साथी से कम अंक थे, कड़ी मेहनत कर बने आईपीएस, पढ़े आईपीएस हरीश चंदर की कहानी

**कानपुर।** स्कूल टॉपर से तीन नंबर कम आने पर फतेहपुर की छात्रा साक्षी ने जान दी थी। यह गलत है। इस मुद्दे पर अमर उजाला अभियान चला रहा है। इस बार पर पढ़े आईपीएस हरीश चंदर की



पूरी कहानी। बड़े मुश्किल भरे दिन थे। घर के माली हालात ठीक न थे, तो प्राइवेट काम करता था और पढ़ता भी था। हाईस्कूल का रिजल्ट आया तो नंबर बहुत कम थे। वही 45.6 प्रतिशत। बहुत खराब लगा। उदासी जेहन में भर गई। क्या करूं? मस्तिष्क में विचारों की उठा-पटक चल ही रही थी, तभी मेरे एक दृष्टिहीन सहपाठी आशू मिश्रा का रिजल्ट पता चला। उनके अंक 75 फीसदी आए थे। आशू के संघर्ष के आगे मुझे अपनी परेशानी बहुत छोटी लगी। आंखें खुल गईं। संघर्ष का नया हौसला जन्मा, इच्छा शक्ति बलवती हो गई। फिर नई ऊर्जा से मेहनत की और 12वीं में दोस्त से ज्यादा नंबर आए। इसके बाद 2010 बैच का सबसे युवा आईपीएस बना। यह कहना है 21 साल की उम्र में आईपीएस बनने वाले डीआईजी हरीश चंदर का। कमिश्नरी पुलिस में एडिशनल कमिश्नर (कानून व्यवस्था) हरीश चंदर बताते हैं कि हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा के अंक गेम भर हैं। अच्छे अंकों की भरपूर कोशिश करनी चाहिए, न मिलें तो उदास भी न हों। अगले संघर्ष की तैयारी करें। उसी से जिंदगी के हालात तय होते हैं। जिंदगी में गिरना, उठना चलता रहता है। हार तभी होती है जब हौसला टूटता है। अब भी मेरी प्रेरणा आशू ही था उन्होंने बताया कि दिल्ली के सरकारी स्कूल के पढ़े हैं। प्राइवेट काम कक्षा छह से ही शुरू कर दिया था। बहरहाल हाईस्कूल के बाद इंटर की पढ़ाई में जुट गया। आशू और हम दोनों साथ पढ़ा करते थे। अब भी मेरी प्रेरणा आशू ही था। जब इंटर का परिणाम आया तो मेरे 82 फीसदी अंक आए। इतिहास में 97 प्रतिशत अंक मिले जो दिल्ली के किसी भी छात्र से सबसे अधिक थे। सबसे कम उम्र के आईपीएस अफसर बने मुझे सम्मानित भी किया गया। इसके बाद दिल्ली यूनिवर्सिटी से हम दोनों ने राजनीति शास्त्र से ग्रेजुएशन किया। इसमें मेरी थर्ड डिवीजन आई और आशू की सेकेंड। 2009 में एमए किया। पहली बार सिविल सर्विस की परीक्षा दी। 21 साल के उम्र में ही सिविल सर्विस में आ गए। सबसे कम उम्र के आईपीएस अफसर बने।

## दलों के सामने विधानसभा चुनाव का प्रदर्शन लोकसभा तक लाने की चुनौती

**वाराणसी।** वाराणसी की सभी आठ सीटों पर भाजपा और सहयोगी दल अपना दल ने कब्जा जमाया। यहां प्रधानमंत्री ने कार्यकताओं के साथ संवाद, बूथों पर संवाद खुद सीधे किया। अंत समय में रोड शो, जनसभा के जरिए सभी को साध ले गए। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने प्रबुद्धजनों से भी मुलाकात की थी। चुनाव लोकसभा का है, मगर पिछले विधानसभा चुनाव के आंकड़े भी मायने रखते हैं। पूर्वांचल के 10 जिलों में 13 लोकसभा सीटें और इन्हीं 10 जिलों में 61 विधानसभा सीटें हैं। पिछले चुनाव में भाजपा को जहां 12 सीटों का नुकसान हुआ था तो सपा को 19 सीटों का फायदा हुआ था। बसपा के पास सिर्फ एक ही सीट थी। ऐसे में इस चुनाव में इन विधायकों की भी परीक्षा है कि वह अपना प्रदर्शन कैसा रखते हैं। पूर्वांचल के 10 जिलों की 61 सीटों पर भाजपा




को 2017 विधानसभा चुनाव के मुकाबले 12 सीटों का नुकसान हुआ था। भाजपा को 10 जिलों में 29 सीटों पर विजय मिली थी, जबकि सपा ने पिछले प्रदर्शन को सुधारते हुए 31 सीटों पर कब्जा जमाया था। साल 2017 के विधानसभा चुनाव में सपा के हिस्से में सिर्फ 12 सीटें ही आई थी। वहीं बसपा के खाते में सिर्फ एक सीट ही आई जबकि कांग्रेस का खाता भी नहीं खुला था। वहीं 2017 के चुनाव में बसपा के हिस्से में सात और कांग्रेस के खाते में एक सीट आई थी। हालांकि वाराणसी, मिजार्पुर, सोनभद्र में भाजपा ने शानदार प्रदर्शन किया था और सभी सीटों पर जीत हासिल की थी मगर आजमगढ़ से भाजपा का सूपड़ा साफ हो गया था। गाजीपुर में अपनी पांच सीटों को खो दिया था जबकि पिछले चुनाव में तीन सीटों पर भाजपा और दो सीटों पर तत्कालीन सहयोगी पार्टी सुभासपा को जीत मिली थी। ऐसे ही बलिया और जौनपुर में भी भाजपा को सीटों का नुकसान हुआ है। इस बार बदले हुए हैं समीकरण 2017 के चुनाव में भाजपा ने सुभासपा के साथ चुनाव लड़ा। वहीं 2022 में सुभासपा, समाजवादी पार्टी के साथ चली गई। इस बार फिर सुभासपा भाजपा के साथ आ गई है। इन दोनों साल में प्रदर्शन में आए फर्क को भी सुभासपा का असर माना जाता है।

# संक्षिप्त समाचार

## 23 जोनल और 139 सेक्टर मजिस्ट्रेट मतदान पर रखेंगे नजर

**चंदौली।** एक जून को होने वाले चुनाव में 23 जोनल और 139 सेक्टर मजिस्ट्रेट निगरानी करेंगे। इनके अलावा पांच विधानसभा क्षेत्र के 981 बूथों पर बने 1868 मतदेय स्थलों की निगरानी के लिए 359 माइक्रो ऑब्जर्वर भी तैनात होंगे। मतदान के लिए सभी मतदेय स्थल पर 2241 ईवीएम और 2427 वीवीपैट लगाए जाएंगे जो 40 से अधिक उम्मीदवारों का भाग्य तय करेंगे। वहीं 414 अतिरिक्त ईवीएम मशीनों की कलेक्ट्रेट में बने नए वेयर हाउस में रखा जाएगा। जिले में सातवें चरण के तहत लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव की सभी तैयारियों पूरी कर ली गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी के मुताबिक चंदौली लोकसभा के मुगलसराय, सकलडीहा, सैयदराजा, शिवपुर और अजगरा विधानसभा क्षेत्र में मतदान के लिए कुल 981 बूथों पर 1868 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए 23 जोनल और 139 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। इसके अलावा 359 माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है। मुगलसराय विधान सभा क्षेत्र के 407 मतदान केंद्रों की निगरानी के लिए पांच जोनल, 30 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 121 माइक्रो आब्जर्वर तैनात होंगे। सकलडीहा विधानसभा क्षेत्र के 357 मतदान केंद्रों की निगरानी के लिए पांच जोनल, 22 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 85 माइक्रो आब्जर्वर तैनात होंगे। सैयदराजा विधान सभा क्षेत्र के 359 मतदान केंद्रों की निगरानी के लिए छह जोनल, 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 56 माइक्रो आब्जर्वर तैनात होंगे। वहीं, वाराणसी के शिवपुर विधान सभा क्षेत्र के 365 मदतदेय स्थलों की निगरानी के लिए चार जोनल, 25 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 62 माइक्रो आब्जर्वर तैनात होंगे। अजगरा विधान सभा क्षेत्र के 380 मदतदेय स्थालों की निगरानी के लिए तीन जोनल, 36 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 35 माइक्रो आब्जर्वर तैनात होंगे।

## भीषण गर्मी में हाईवे पर लगा जाम, लोग परेशान

**चित्रकूट।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की चुनावी जनसभा के दौरान हाईवे पर कई बार जाम लगा। सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। इससे भीषण गर्मी के चलते लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। इसके अलावा वैशाखी अमावस्या के दूसरे दिन आने-जाने वाले श्रद्धालुओं के चलते जाम लगा रहा। गुरुवार की दोपहर को झांसी-मिजार्पुर के राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बेड़ी पुलिया के पास भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की चुनावी जनसभा थी। इसके अलावा वैशाखी अमावस्या के दूसरे दिन के चलते श्रद्धालुओं का आवागमन इसी मार्ग से हो रहा था। जनसभा में सैकड़ों वाहन आए थे। इसके चलते सड़क के दोनों तरफ जाम लग गया। लगभग एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। सैकड़ों वाहनों इधर-उधर फंसे रहे। भीषण गर्मी के चलते लोग हलाकान रहे। आम जनमानस को समस्याओं का सामना करना पड़ा। हाइवे पर स्कूल बस, रोडवेज बस व अन्य प्राइवेट साधन जाम में फंसे रहे। जानकारी यातायात पुलिस को हुई तो यातायात प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने टीम के साथ पहुंचकर जाम खुलवाया। तब जाकर लोगों ने राहत की सांस ली।

## काम पर जा रही महिला श्रमिक की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत

**मिजार्पुर।** थाना क्षेत्र दरगाह शरीफ मोहल्ले के मोड़ पर पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर चालक ने बृहस्पतिवार को सुबह मजदूरी करने जा रही महिला श्रमिक को कुचल दिया। इस हादसे में महिला मजदूर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौका पाकर चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। चंदौली जनपद के पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी माधुरी (55) मुगलसराय-प्रयागराज पैसेंजर ट्रेन से बृहस्पतिवार को सुबह चुनार रेलवे स्टेशन पर उतरी। स्टेशन से वह पैदल चुनार के कृयात क्षेत्र में मिर्च तोड़ने के लिए जा रही थी। सुबह लगभग सवा छह बजे वह दरगाह शरीफ मोड़ पर पहुंची ही थी कि पीछे से तेज गति से आ रही ट्रैक्टर ने उसे कुचल दिया। इस हादसे में माधुरी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौका देख चालक ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेने के साथ ही परिजनों को घटना की जानकारी दी। चुनार कोतवाल नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मिर्च तोड़ने जा रही महिला श्रमिक की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## अजय राय ने बड़ा गणेश का दर्शन कर शुरू की नामांकन यात्रा, काल भैरव व विश्वनाथ धाम भी पहुंचे

**वाराणसी।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय ने कहा, अपने काशीवालों का आशीर्वाद लेते हुए नामांकन करने जा रहा हूं। मैं काशी का बेटा हूं और मुझे पूरा विश्वास है कि काशी वालों का आशीर्वाद मुझे जरूर प्राप्त होगा। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अजय राय शुक्रवार को नामांकन के लिए निकले। वह सुबह 6:30 बजे पैदल लोहटिया पर बड़ा गणेश के दर्शन और पूजन करने के लिए निकले। यहां से फिर बाबा काल भैरव के दर्शन किया और इसके बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन कर सुबह 9 बजे बेनिया बाग में राजनारायण पार्क पहुंचे। यहां राजनारायण की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर साइकिल से नामांकन के लिए रवाना हुए। राजनारायण पार्क से लहुराबीर पार्क पहुंचेंगे, यहां चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करेंगे और फिर मलदहिया पर सरदार पटेल की मूर्ति पर माल्यापर्ण कर समर्थकों के साथ नदेसर के लिए रवाना होंगे। यहां मिंट हाउस में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पर माल्यापर्ण करेंगे। इसके बाद कचहरी पहुंचेंगे। यहां महात्मा गांधी, भीमराव आंबेडकर और कपूर्री ठाकुर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। इसके बाद प्रस्तावक कैंट से सपा प्रत्याशी रही पूजा यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल और आम आदमी पार्टी के नेता मुकेश सिंह व कम्युनिस्ट नेता भी शामिल रहे।

## 22 किमी की रफ्तार से चलीं नम हवाएं

**चंदौली।** दो दिनों से मौसम बदलने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की है। बृहस्पतिवार को सुबह से करीब 22 किलोमीटर की रफ्तार से नम हवाएं चलती रहीं। वहीं, आसमान पर बादलों की आवाजाही से मौसम सुहाना बना रहा। बृहस्पतिवार को जिले का अधिकतम तापमान 37 और न्यूनतम 24 डिग्री रहा। पिछले दो दिनों से मौसम मेहरबान है। हालांकि मौसम विभाग की संभावना के अनुसार बारिश तो नहीं हुई लेकिन आसमान में बादलों के छाने और नम हवाओं के चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली। पिछले कुछ दिनों से जिले का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ था।



# अक्षय तृतीया पर योगी ने किया देवाधिदेव का रुद्राभिषेक, प्रदेशवासियों को दी बधाई

**लखनऊ।** स्वयंसिद्ध मुहूर्तों से सुसंपन्न अक्षय तृतीया की पावन तिथि पर शुक्रवार प्रातरू बेला में मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से प्रदेशवासियों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने सभी नागरिकों को अक्षय तृतीया की हार्दिक बधाई भी दी। गोरखनाथ मंदिर स्थित पीठाधीश्वर आवास के प्रथम तल पर शक्तिपीठ में योगी ने देवाधिदेव महादेव को विल्व पत्र, कमल पुष्प, दूर्वा, अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने कर बाद दूध एवं फलों के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्यायी के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कराया। रुद्राभिषेक के बाद मुख्यमंत्री वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन व आरती की। विधि विधान से पूर्ण हुए अनुष्ठान के उपरांत उन्होंने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अक्षय तृतीया पर्व पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि सौभाग्य व समृद्धि के पावन पर्व अक्षय तृतीया की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। त्रिभुवन स्वामी भगवान श्री विष्णु जी एवं मां लक्ष्मी जी से प्रार्थना है कि सभी का जीवन सुख-शांति, संपन्नता व उत्तम स्वास्थ्य से परिपूर्ण हो। अक्षय तृतीया के पावन तिथि को ही भगवान परशुराम का अवतरण भी हुआ था। यह तिथि परशुराम जयंती के रूप में भी मनाई जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को भगवान परशुराम जयंती की भी शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक संदेश जारी कर कहा कि भगवान विष्णु के आवेशावतार, भक्ति, शक्ति एवं विद्वता के शाश्वत प्रतीक, भगवान श्री परशुराम की जयंती पर प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। अपने ज्ञान, शौर्य व तपोबल से न्याय की स्थापना करने वाले भगवान परशुराम को नमन। बताया जा रहा है कि महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने आए महाराष्ट्र से आए श्रद्धालुओं के एक बड़े समूह की नजर जैसे ही गोरखनाथ मंदिर परिसर का भ्रमण कर रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पड़ी तो समूह में शामिल लोग खुशी से झूम उठे। सैकड़ो की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम और योगी योगी के जयकारे लगाने शुरू कर दिए। इन श्रद्धालुओं के उत्साह और उल्लास को देखते हुए मुख्यमंत्री उनके पास पहुंचे और अभिवादन कर उनका कुशलक्षेम जाना। उन्होंने मंदिर प्रबंधन से जुड़े लोगों को निर्देशित किया कि किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

## नगर निगम के संविदाकर्मी पर हमला, सिर पर प्लास से प्रहार कर किया घायल

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के ठाकुरगंज में नगर निगम के संविदा कर्मचारी सत्येंद्र यादव पर एक युवक ने हमला कर दिया। कूड़ा उठाने गए कर्मचारी से क्षेत्रीय निवासी की मामूली कहासुनी हुई। जिसके बाद उसने कर्मचारी पर प्लास से हमला कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर आरोपी को हिरासत में लिया गया है। बता दें कि पीड़ित कर्मचारी नगर निगम




का रोबोट ड्राइवर है। घटना के बाद पीड़ित के द्वारा थाना ठाकुरगंज में तहरीर दी गई। जिसमें पीड़ित ने जानकारी देते हुए बताया कि ठाकुरगंज के रस्तोगी नगर क्षेत्र में कूड़ा उठाकर रोबोट गाड़ी में डाल रहा था। उसी समय मोटरसाइकिल सवार क्षेत्रीय निवासी शिवा सोनी आया, कूड़ा उठाने के कारण गाड़ी बीच में खड़ी होने को थी, तभी चालक सत्येंद्र ने रुकने का इशारा किया, मगर शिवा सोनी नहीं माना और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए चालक के साथ मारपीट पर उतारु हो गया। शिवा सोनी ने चालक सत्येंद्र के सिर पर प्लास से कई बार हमला करके लहूलुहान कर दिया। स्थानीय लोगों ने तत्काल शिवा सोनी से चालक की जान बचाई। फिलहाल ठाकुरगंज पुलिस ने आरोपी शिवा सोनी को हिरासत में लेकर चालक सत्येंद्र को मेडिकल के लिए भेज दिया है। साथी कर्मचारी पर हमले के बाद नगर निगम के तमाम संविदा कर्मचारियों ने नाराजगी जताते हुए ठाकुरगंज थाने पर जमा होकर आरोपी के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

## आंधी-बारिश का अलर्ट, चलेगी तेज आंधी, भीषण गर्मी-लू से रहेगी राहत

**लखनऊ।** यूपी में भीषण गर्मी अपना जमकर कहर बरपा रही है, लेकिन लोगों के लिए एक खुशखबरी है। आने वाले दिनों में आपको चिलचिलाती गर्मी से राहत मिलने वाली है। उत्तर प्रदेश में अगले कुछ दिनों के लिए बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बारिश के साथ आंधी तूफान की भी संभावना है। 13 मई तक बारिश का दौर जारी रहने वाला है। ऐसे में लोगों को गर्मी से निजात मिलने वाली है। पश्चिम विक्षोभ के असर से आज शुक्रवार को पूर्वी-पश्चिमी यूपी के 30 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। दोनों हिस्सों में कहीं कहीं पर बादल गरजने, बिजली गिरने के साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा (आंधी) चल सकती है। इस दौरान तापमान में भी उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। 14-15 मई के बाद मौसम साफ होने का अनुमान है,तापमान में भी वृद्धि होगी। इस बार मानसून में भी अच्छी बारिश के संकेत है। बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, बस्ती, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, बाराबंकी, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास इलाकों में बादल गरजने, बारिश होने और बिजली गिरने की संभावना है। यूपी मौसम विभाग के मुताबिक, 11-12 मई को पश्चिमी और पूर्वी यूपी में गरज चमक के साथ बारिश पड़ सकती है। बादल गरजने, बिजली गिरने के साथ साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से तेज झोंकेदार हवा आंधी चल सकती है। 13 मई को पश्चिमी और पूर्वी यूपी में कहीं कहीं पर बारिश और बौछारें पड़ सकती है। इस दौरान दोनों हिस्सों में कहीं कहीं पर बादल गरजने, बिजली गिरने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से आंधी चल सकती है। 14 और 15 मई को पश्चिमी व पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

## राष्ट्रीय पत्र लेखन प्रतियोगिता में यूपी के तीन विजेता

**लखनऊ।** भारतीय डाक विभाग यूपी परिमंडल मंडल को के तीन प्रतिभागियों ने 2023-24 के ढाई आखर राष्ट्रीय पत्र लेखन में में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीत हासिल की है। डाक विभाग द्वारा शुरू किया गया ढाई आखर राष्ट्रीय पत्र लेखन अभियान लोगों को हस्त लिखित पत्रों के माध्यम से अपने विचारों, भावनाओं और रचनात्मकता को व्यक्त करने के लिये प्रोत्साहित करता है। इसका उद्देश्य पत्र लेखन की कला को पुनर्जीवित करना और बढ़ावा देना है।ढाई आखर प्रतियोगिता में चार श्रेणिया हैं जिसमे क्रमशः अंतर्देशीय पत्र कार्ड श्रेणी 18 वर्ड तक,लिफाफा श्रेणी 18 वर्ड तक, अंतर्देशीय पत्र कार्ड श्रेणी 18 वर्ड से अधिक और लिफाफा श्रेणी 18 वर्ड से अधिक है। हर श्रेणी में शीर्ष तीन उम्मीदवारों का चयन किया गया। पुरस्कार मंडल स्तर पर प्रथम पुरस्कार 25,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10,000 और तृतीय पुरस्कार 5,000 रुपए है।राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम पुरस्कार 50,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 25,000 और तृतीय पुरस्कार 10,000 रुपए है। सीपीएमजी वी.सिल्वाकुमार के मुताबिक डाक विभाग द्वारा हर साल प्रतियोगिता का आयोजन कर पत्र लेखन की कला का जश्न मनाता है।। ढाई आखर प्रतियोगिता में 12 राष्ट्रीय विजेता बने जिसमें यूपी के तीन चुने गए। साक्षी वर्मा बाराबंकी ने लिफाफा श्रेणी 18 वर्ष तक में राज्य स्तर यूपी मंडल में दूसरा स्थान और 10,000 का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान और 25,000 रुपए का पुरस्कार प्राप्त किया। प्रज्ञा दीक्षित कानपुर ने अंतर्देशीय पत्र श्रेणी 18 वर्ष तक में राज्य स्तर यूपी मंडल में प्रथम और 25,000 रुपए का पुरस्कार प्राप्त करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान और10,000 रुपए का पुरस्कार प्राप्त किया। वही श्रेया आगरा ने अंतर्देशीय पत्र श्रेणी 18 वर्ष तक में राज्य स्तर यूपी मंडल में प्रथम और 25,000 रुपए का पुरस्कार प्राप्त करने केबाद राष्ट्रीय स्तर पर दूसरा स्थान और 25,000 रुपए का पुरस्कार प्राप्त किया।

## राजनाथ के समर्थन में उतरा रालोद

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के लखनऊ के कार्यकताओं ने लोकसभा चुनाव एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के चुनाव के प्रचार के क्रम में लखनऊ के रफी अहमद किदवई नगर वार्ड में प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल के नेतृत्व में प्रचार प्रसार किया। रफी अहमद किदवई नगर वार्ड में प्रचार प्रसार के दौरान राष्ट्रीय लोकदल के वरिष्ठ युवा नेता पीसी पांडे एवं भारतीय जनता पार्टी के बूथ महामंत्री सुदीप गुप्ता उपस्थित रहे। साथ में राष्ट्रीय लोक दल लखनऊ के जिला अध्यक्ष रामसेवक रावत, युवा रालोद के पूर्व प्रदेश सचिव सुमित सिंह, श्रम प्रकोष्ठ के महासचिव महेशपाल धनगर, मनोज शर्मा, मनोज सिंह एडवोकेट , प्रोफेशनल मंच के प्रदेश सचिव मुकेश वर्मा एवं प्रोफेशनल मंच के महानगर अध्यक्ष ऋषभ गुप्ता सभी कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोकसभा प्रत्याशी राजनाथ सिंह एवं विधानसभा उपचुनाव के लिए ओ पी श्रीवास्तव के समर्थन में वोट मांगा।

## लखनऊ से 576 एवं दिल्ली से दो दिनों में 1008 हज यात्री रवाना

**लखनऊ।** हज के हज यात्रियों की लखनऊ उड़ान स्थल से चौथी उड़ान संख्या एसवी 3817 आज 10 मई को प्रातः 08.10 बजे चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अडड़े से रवाना हुई। इस उड़ान से 287 हज यात्री रवाना हुए जिसमें 157 पुरुष व 130 महिलाएं शामिल हैं। इस उड़ान से सीतापुर के 120 , रायबरेली के 72, लखनऊ के 52 व उन्नाव के 46 हज यात्री सम्मिलित हैं। हज यात्रियों के सुविधार्थ दो खादिमुल हुज्जाज जिसमें मो. जावेद व महबूब अहमद दोनों लखनऊ जिले के गये हैं। सचिव हज कमेटी एसपी तिवारी ने बताया कि पाँचवीं उड़ान संख्या एसवी 3891 मध्यान्ह 12.05 बजे रवाना हुई। इस उड़ान से 276 हज यात्री रवाना हुए जिसमें 157 पुरुष व 119 महिलाएं शामिल हैं। इस उड़ान से लखनऊ जिले के 37, कानपुर नगर के 35 प्रयागराज के 22 हज यात्री गये हैं जिनकी सुविधार्थ एक खादिमुल हुज्जाज लखनऊ के शारिक नसीम रवाना हुए। दिल्ली उड़ान स्थल से 09 मई को उड़ानें आरम्भ हुई हैं। दो दिनों में छह उड़ानों से 1008 हज यात्री रवाना हुए। हज यात्रियों की सुविधार्थ दो खादिमुल हुज्जाज मो. आबिद हापुड़ और मशकूर हसन मुरादाबाद जिले के गये हैं।

## बच्चों को अच्छाई के रास्ते पर चलने की सीख

**लखनऊ।** खेल-खेल में शिक्षा के तहत लोक संस्कृति शोध संस्थान की श्रृंखला दादी-नानी की कहानी के 57वें आयोजन में स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने राजू और स्वर्ग की कथा सुनाई। ब्रजधाम कालोनी स्थित प्राथमिक विद्यालय भूहर द्वितीय में पाठ्य सहगामी आयोजन के तहत अच्छाई के रास्ते पर चलने की सीख दी गई। दूसरों का भला करने, ईमानदारी और नैतिकता जैसे प्रेरणात्मक सन्देश भी बच्चों को दिये गये।स्टोरीमैन जीतेश श्रीवास्तव ने कहानी की शुरूआत बड़े ही रोचक तरीके से की। कहानी सुनाती दादी से जब राजू को पता चला कि स्वर्ग में चाकलेट के पेड़ होते हैं और जूस की नदियां बहती हैं तो वह स्वर्ग जाने की जिद करने लगा। रात को सपने में उसे स्वर्ग के देवता मिले और बताया कि स्वर्ग जाने के लिए पुण्य का पैसा चाहिए जो अच्छे काम करने पर ही मिलेगा। नाटकीय घटनाक्रम के बाद अन्त में राजू को स्वर्ग के रास्ते का मंत्र मिल जाता है और वह अच्छा बच्चा बन जाता है।लोक संस्कृति शोध संस्थान की सचिव सुधा द्विवेदी ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत उच्चारण अभ्यास के लिए टंग ट्विस्टर से की गई। बच्चों ने कहानी पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दिये। साहित्यकार, गायिका एवं समाजसेविका अर्चना गुप्ता ने बच्चों से संवाद किया। सुबह जल्दी उठने और अपने काम खुद करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक आशीष पंवार, सहायक अध्यापक ऊषा वर्मा के साथ सोशल लाइफलाइन फाउण्डेशन के अध्यक्ष डा. अनिल गुप्ता, डा.एसके गोपाल आदि उपस्थित रहे।

## चौथा चरण: भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर,विपक्ष भी मुस्तैद

### 2024 में बीजेपी के सामने डीमेरिट न होने की चुनौती

